राष्ट्रीय हिन्दी मासिक समाचार पत्र

सच दिखाने का जज़्बा

Title CodeUPHIN : 49375

# पूर्वांचल युग



www.purvanchalyug.in

वर्ष 01, अंक 09 महराजगंज से प्रकाशित, बुधवार, 01 दिसम्बर 2021 पेज : 12 मूल्य : रू02/-

विधान सभा चुनाव से पहले ठाकुरगंज... पेज (8)

# लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके राजनीतिक दल लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते : मोदी



एजेंसी,नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि जो राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हैं, वह लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते हैं। संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'देश में एक संवैधानिक लोकतांत्रिक परंपरा है और इसमें राजनीतिक दलों का अपना एक महत्व है। राजनीतिक दल भी हमारे संविधान की भावनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम हैं, लेकिन संविधान की भावना को चोट तब पहुंचती है, जब राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो देते हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जो दल स्वयं लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हो, वह लोकतंत्र की रक्षा कैसे कर सकते हैं? उन्होंने कहा, ''कश्मीर से कन्याकुमारी तक हिंदुस्तान के हर कोने में जाइए... आज भारत एक ऐसे संकट की तरफ बढ़ रहा है जो संविधान के समर्पित लोगों के लिए चिंता का विषय है। लोकतंत्र के प्रति आस्था रखने वालों के लिए चिंता का विषय है और वह है पारिवारिक पार्टियां। उन्होंने कहा, 'पार्टी फॉर द फैमिली... पार्टी बाय द फैमिली... अब आगे कहने की जरूरत नहीं लगती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

वहीं कांग्रेस ने संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के बाद शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि यह सरकार संवैधानिक संस्थाओं और संविधान की मूल भावना पर आघात कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने यह भी कहा कि यह सरकार प्रजातंत्र और संविधान के जश्न के आयोजन में विपक्ष का सम्मान नहीं करती और संसदीय लोकतंत्र का अपमान करती है, जिस कारण कई विपक्षी दलों ने इस कार्यक्रम से अलग रहने का फैसला किया। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद संविधान दिवस के कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा, ''सरकार कोई अवसर नहीं छोड़ती कि संविधान और संवैधानिक परंपराओं को दबाकर निर्णय लिया जाए।श् शर्मा ने दावा किया, ''देश में कई समस्याएं और विकट परिस्थितियां पैदा हुई हैं।

सरकार ने जिस तरह से कानून बनाए, उससे समाज में टकराव और उत्तेजना पैदा हुई है। तीनों कृषि कानूनों को लेकर यही हुआ। हमने सरकार से कहा था कि विधेयक पारित कराने की एक प्रक्रिया होती है। सरकार ने प्रक्रिया को दरकिनार कर दिया। यही कारण है कि किसानों का एक साल तक आंदोलन चला और अब सरकार कानूनों को वापस ले रही है। अगर विपक्ष की बात सुनते तो इतना बड़ा संकट नहीं आता। उन्होंने कहा, ''अभी भी समय है। सरकार अपनी कार्यशैली और अपनी मानसिकता बदले। वह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर सहमति बनाए।श् उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, ''वह जानते हैं कि आजादी के संग्राम में उनके वैचारिक पूर्वजों का कोई योगदान नहीं था, बल्कि वो लोग अंग्रेजों के साथ मिले हुए थे। ऐसे में वो दूसरे नायक ढूंढ रहे हैं। शर्मा ने कहा, 'प्रधानमंत्री दूसरे दलों को नसीहत नहीं, बल्कि हमने जो मुद्दे उठाए हैं, उस पर जवाब दें।

## अस्थाना की नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीमकोर्ट ने केन्द्र और आईपीएस अधिकारी से मांगा जवाब

एजेंसी,नयी दिल्ली। सुप्रीमकोर्ट दिल्ली पुलिस आयुक्त के तौर पर राकेश अस्थाना की नियुक्ति को बरकरार रखने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने को शुक्रवार को तैयार हो गया। जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस ए एस बोपन्ना की एक पीठ ने एनजीओ 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की ओर से दायर याचिका पर केन्द्र और आईपीएस अधिकारी अस्थाना से जवाब भी मांगा। एनजीओ ने आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना की सेवानिवृत्ति की तारीख 31 जुलाई से चार दिन पहले, उन्हें दिल्ली पुलिस आयुक्त बनाने के केन्द्र के फैसले के खिलाफ एक रिट याचिका दायर की। सीपीआईएल की ओर से पेश प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा कि उन्होंने अदालत के 18 नवंबर के निर्देश के अनुसार यह अपील दायर की है।



## जबरन वसूली मामले की जांच के सिलसिले में ठाणे पुलिस के समक्ष पेश हुए मुंबई पुलिस के पूर्व आयुक्त परमबीर सिंह

एजेंसी,मुंबई। मुंबई पुलिस के पूर्व आयुक्त परमबीर सिंह उनके खिलाफ पड़ोस के ठाणे जिले में दर्ज जबरन वसूली के एक मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। सूत्रों ने बताया कि सिंह पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे के करीब अपने वकील के साथ ठाणे नगर पुलिस थाना पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच दल संभवतरू उनका बयान दर्ज करेगा।

उन्होंने बताया कि जोनल पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अविनाश अंबुरे भी थाना में मौजूद थे। ठाणे पुलिस ने इस साल जुलाई में बिल्डर केतन तन्ना की शिकायत के आधार पर सिंह और 28 अन्य के खिलाफ रंगदारी (जबरन वसूली) का मामला दर्ज किया था। मामले में सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। हाल में एक अदालत ने सिंह को भगोड़ा घोषित किया था और कई महीनों तक उनका कुछ अता–पता नहीं था। वह बृहस्पतिवार को मुंबई पहुंचे। उनके आने के बाद मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने जबरन वसूली के एक अलग मामले में उनसे सात घंटे तक पूछताछ की।



## सीडीएस जनरल रावत के बयान पर भड़का चीन

### भारत को चेतावनी देते हुए बोला–इससे और बढ़ेगा टकराव

एजेंसी,नयी दिल्ली। भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की चीन को ''सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताने वाली कथित टिप्पणी पर ड्रेगन ने नाराजगी जताई है। चीन ने रावत के बयान को लेकर भारत के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारतीय अधिकारी बिना किसी कारण के तथाकथित 'चीनी सैन्य खतरे पर अटकलें लगाते हैं, जो दोनों देशों के नेताओं के रणनीतिक मार्गदर्शन का गंभीर उल्लंघन है कि चीन और भारत 'एक–दूसरे के लिए खतरा नहीं हैं, और भू–राजनीतिक टकराव को भड़काना, गैर–जिम्मेदाराना तथा खतरनाक है। रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए विवरण के अनुसार कर्नल वू हाल में जनरल रावत की कथित टिप्पणियों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया था कि ''भारत के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा खतरा चीन है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को सुलझाने में 'भरोसेश की कमी है और 'संदेह बढ़ता जा रहा है।

इस पर चीन की क्या टिप्पणी है?श् कर्नल वू ने कहा कि हम इस टिप्पणी का कड़ा विरोध करते हैं। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं और भारतीय पक्ष के सामने कड़ा एतराज जताया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि विरोध कब दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि भारत–चीन सीमा मुद्दे पर चीन का रुख स्पष्ट और जाहिर है। चीनी सीमा रक्षक बल राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित हैं तथा सीमा क्षेत्र में अमन–चैन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, तनाव घटाने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक पुराने चीनी कहावत को भी उद्धृत किया, ''यदि आप तांबे का उपयोग दर्पण के रूप में करते हैं तो आप तैयार हो सकते हैं, यदि आप इतिहास का दर्पण के रूप में उपयोग करते हैं तो आप उत्थान और पतन को जान सकते हैं, यदि आप लोगों को दर्पण के रूप में इस्तेमाल करते हैं तो आप लाभ और हानि को समझ सकते हैं। लद्दाख में पिछले साल मई में गतिरोध तब शुरू हुआ जब चीन ने पूर्वी लद्दाख में



वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास पैंगोंग झील और अन्य क्षेत्रों में अपने सैनिकों को गोलबंद किया। पिछले साल 15 जून को गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हिंसक टकराव के बाद तनाव काफी बढ़ गया।

# सपा ही कर सकती है समतामूलक समाज की स्थापना : सरोज



महाराजगंज। सपा के राष्ट्रीय महासचिव–पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज के नेतृत्व में चल रही जनादेश परिवर्तन रथ यात्रा रविवार को महराजगंज में पहुंची। पकड़ी नौनिया स्थित जनता इंटर कालेज में जनसभा हुई। इसमें मुख्य अतिथि सरोज ने कहा कि इस समय भाजपा की सरकारें पिछड़ों–दलितों व वंचितों के अधिकारों का हनन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि समतामूलक समाज की स्थापना को लेकर जो कल्पना डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया ने की थी, उसको सपा मुखिया अखिलेश यादव ही पूरा कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में जातिवार जनगणना कराने की जब बात होती है, तो उनके बड़े नेताओं को सांप सूंघ जाता है। हम समाजवादी लोग सत्ता में आने के बाद जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी की बहुप्रतीक्षित मांग को धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ उत्तर प्रदेश की आम जनमानस आशा भरी निगाहों से देख रही है। दलित, अल्पसंख्यक व पिछड़े समाज के साथ–साथ गरीब सर्वण समाज भी आज भारतीय जनता पार्टी के सरकार में सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस समय कानून व्यवस्था की हालत खराब हो गई है। महंगाई से हर तबके के लोग बेहाल हैं। जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन ने कहा कि सपा सरकार में आम आदमी की सुनवाई होती है। जबकि भाजपा को गरीबों की कोई फिक्र नहीं है। पूर्व विधायक सुदामा प्रसाद, श्रीपति आजाद, विनोद मणि त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश यादव, भाई रामलाल यादव, ध्यानेश्वर मणि त्रिपाठी, निर्मेष मंगल, गीता रत्ना पासवान, हरेंद्र कृष्ण त्रिपाठी, विन्द्रेश कनौजिया, अतुल पटेल, जगदंबा गुप्ता, जितेंद्र यादव, तसव्वर हुसैन, दीनबंधु यादव उर्फ दीपू, मक्खु प्रसाद, सतपाल यादव, संतोष कृष्ण त्रिपाठी, विजय यादव, शैलेश मौर्य, राधेश्याम मौर्य, मोहम्मद रफीउल्लाह, अशोक यादव, शैलेश श्रीवास्तव, उमेश यादव, सूरज यादव, राहुल मिश्रा, दिलीप शुक्ला आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बगीचे में फांसी के फंदे से लटकता मिला अधेड़ का शव

महाराजगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा सोनरा में रविवार की सुबह गांव के बाहर एक बगीचे में पेड़ से फांसी के फंदे के सहारे 55 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से सनसनी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी पता यह नहीं चल पाया है कि अधेड़ ने आत्महत्या की है या फिर उसके मौत की वजह कुछ और है?

मृतक की पहचान हीरा प्रसाद गौतम उम्र 55 के रूप में हुई। उसके तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा तीस साल का है। दूसरे नंबर की बेटी है। छोटा बेटा करीब पंद्रह साल का है। शनिवार की शाम को हीरा घर से निकला था। ग्रामीणों के मुताबिक वह नशे का आदती था। रात में घर नही लौटा। रविवार की सुबह जब ग्रामीण बागीचे की तरफ गए तो एक पेड़ से फंदे के सहारे हीरा का शव लटकता देख शोर मचाया। गांव के निवासी व वरिष्ठ हियुवा नेता संजय यादव समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। हियुवा नेता ने एसपी को घटना की सूचना दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जिस पेड़ से शव लटक रहा था उसके नीचे पुआल का ढेर है। आशंका जताई जा रही है कि पुआल के ढेर पर चढ़ पेड़ की डाली से फंदा बांध सुसाइड किया गया है या फिर मौत की वजह कोई दूसरी होगी। परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस कर्मियों का कहना है कि अभी तक कोई रंजिश की बात सामने नही आई है। प्रभारी कोतवाल अनिल यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

रिपोर्ट से मौत की वजह सामने आएगी। घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# शहर को स्वच्छ बनाने में महराजगंज नगर पालिका गोरखपुर मंडल में अव्वल

महाराजगंज। नगर पालिका परिषद महराजगंज शहर को स्वच्छ रखने में गोरखपुर मंडल में पहला स्थान हासिल किया है। इतना ही नहीं उत्तरी जोन में 70वां स्थान हासिल किया है। मंडल और प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन से खुश नगर पालिका प्रशासन अपने सफाई मित्रों को सम्मानित करेगा। दो दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित कर सफाई मित्रों को सम्मानित कर उनकी हौंसला आफजाई करेगा।

नगर पालिका परिषद महराजगंज स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में शामिल था। प्रदेश के बाद केंद्रीय टीम ने नगर पालिका परिषद महराजगंज का स्वच्छ संबंधी साधन, कर्मचारियों के साथ अभिलेखों की जांच की। अभिलेखा में दर्ज कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। टीम ने भौतिक सत्यापन के साथ ही वार्डवासियों से स्वच्छता के बारे में जानकारी भी ली। सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय के अलावा निजी शौचालय की जांच में ठीक मिला। इसके अलावा मानक के अनुसार लगाए गए डस्टबीन और घर–घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था बेहतर मिला। इसका परिणाम रहा कि शहर को स्वच्छ रखने में नगर पालिका परिषद महराजगंज गोरखपुर मंडल में पहला स्थान हासिल किया। उत्तरी जोन के निकायों में 70वां स्थान हासिल किया है। गोरखपुर मंडल में पहला स्थान हासिल करने पर नगर पालिका प्रशासन खुश है। स्वच्छता में लगे सफाई मित्रों के अलावा कर्मचारियों को चार दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित करेगा।

नगर पालिका परिषद महराजगंज वर्ष 2020 में भी स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शामिल था। इसमें उत्तरी जोन में 84वां स्थान हासिल किया। पिछले वर्ष मिली कमियों को दूर कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में नगर पालिका ने 70वां स्थान हासिल किया है।

टॉप–10 में नगर पालिका को लाने की है कोशिश

अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार सिंह का कहना है कि शहर सड़क व नालियों को नियमित साफ–सफाई के लिए तीन–तीन सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। लेकिन डम्पिंग ग्राउंड नही होने से नगर पालिका का अंक को कम अंक मिला है। अगया में डम्पिंग ग्राउंड शुरू की कार्रवाई तेज कर दी गई है। वर्ष 2022 में नगर पालिका को स्वच्छता के मामले में प्रदेश के टॉप–10 स्थान हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# चार दिवसीय प्रशिक्षण का बजट कार्यक्रम जारी, शिक्षकों ने किया विरोध

महाराजगंज। बेसिक शिक्षा विभाग ने प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों का चार दिवसीय फाउण्डेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण का शेड्यूल जारी कर प्रदेश के सभी जिलों को प्रशिक्षण के मद का बजट का 30 करोड़ नब्बे लाख 96 हजार 70 रुपया जारी कर दिया है। शिक्षक नेताओं ने प्रशिक्षण के शेड्यूल का विरोध किया है। उनका कहना है कि शीतकालीन अवकाश में ही चार दिवसीय प्रशिक्षण का निर्धारण किया गया है। अगर तिथि में बदलाव नहीं किया गया तो सभी शिक्षक इस प्रशिक्षण का बहिष्कार करेंगे।

दरअसल बेसिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक अनामिका सिंह ने 13 दिसम्बर से 31 जनवरी के मध्य चरणवद्ध तरीके से बीआरसी स्तर पर प्रशिक्षण का कार्यक्रम का आदेश जारी किया है और 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश का कैलेण्डर पहले से ही घोषित है। अब ऐसे में विभाग और शिक्षकों के मध्य तिथि को लेकर गतिरोध कायम हो रहा है। शिक्षक नेताओं का कहना है या तो शीतकालीन अवकाश निरस्त कर इसे ग्रीष्मकालीन अवकाश में जोड़ दिया जाए या प्रशिक्षण की तिथियों में बदलाव किया जाए। महानिदेशकने प्रदेश के लिए जो बजट जारी किया उसमें महराजगंज जिले के 13 ब्लाक संसाधन केन्द्रों पर प्रशिक्षण के लिए 44 लाख 17 हजार 860 रुपया आवंटित है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ब्लाक संसाधन केन्द्रों पर बीईओ के माध्यम से प्रति शिक्षक 170 रुपया खाना, चाय नाश्ता व 30 रुपया स्टेशनरी पर खर्च करेंगे।

# मासूम बच्चे पर हमला करने वाले तेंदुआ को ढूंढने के लिए ड्रोन कैमरा से चला सर्च अभियान

महाराजगंज। सोहगीबरवां वन्य जीव प्रभाग के उत्तरी चौक रेंज के सेमरहवां गांव के बरतानी टोला के समीप गुरूवार की सायं तेंदुए के हमले में मासूम बच्चे की मौत के बाद डीएफओ के निर्देश पर रेंजर मोहन सिंह के नेतृत्व में वन कर्मियों ने ड्रोन कैमरा से तेंदुआ को ढूंढने के लिए सर्च अभियान चलाया। जंगल के बीहड़ में उसकी तलाश की गई। स्थानीय लोगों के साथ मिल कर वन कर्मी घटना स्थल के आसपास तेंदुए के पदचिह्न को ढूंढने में लगे हैं।

तेंदुए के हमले में मासूम छोटेलाल की मौत के बाद वन विभाग की टीम उत्तरी चौक रेंजर मोहन सिंह के नेतृत्व में वन विभाग के विशेषज्ञ ड्रोन कैमरा उड़ाकर जंगल के बीहड़ में तेंदुए की तलाश कर रहे हैं। डिप्टी रेन्जर राकेश कुमार, वन दरोगा प्रशांत, वन रक्षक कपिल मुनि मिश्र, शिव शंकर उपाध्याय, राजेन्द्र यादव आदि वन कर्मी तेंदुए के पद चिन्ह तलाशने में लगे हैं। स्थानीय लोग भी इस कार्य में मदद कर रहे हैं। पर अब तक कोई स्पष्ट सुराग नही मिला है। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से तेन्दुआ दिखने पर तुरन्त वन विभाग सूचना देने को कहा है।

# महराजगंज पहुंची बहुजन कल्याण रथ यात्रा, जिले का भ्रमण किया

महाराजगंज। आरपीआई (ए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले के निर्देश पर बीते छह सितंबर को सहारनपुर से चली बहुजन कल्याण रथ यात्रा रविवार को महराजगंज जिले में पहुंची। गोरखपुर से फरेन्दा होकर आई इस यात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता कर रहे हैं। जनपद में जगह–जगह इस यात्रा का जोरदार स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। नुक्कड़ सभाएं भी हुईं, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज को न्याय दिलाने के लिए ही यह यात्रा निकाली गई है।फरेन्दा, पकड़ी चौराहा, महराजगंज चौराहा, पुलिस लाइन, सिन्दुरिया, भागाटार, मिठौरा, जगदौर, बरोहिया ढाला, निचलौल व ठूठीबारी में कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रदेश अध्यक्ष व यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। निचलौल से सिसवा में पहुंचने के बाद जनसभा हुई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस यात्रा के दूरगामी परिणाम होंगे। बहुजन समाज के हक व हुकूक के लिए पार्टी के मिशन को एक मुकाम मिलेगा। कहा कि यह




यात्रा प्रत्येक दिन एक– एक जनपद से होकर गुजर रही है।

उन्होंने कहा कि बहुजन कल्याण यात्रा का समापन 18 दिसम्बर को लखनऊ में आरपीआई (ए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि यूपी के जिन–जिन जिलों से होकर यह यात्रा गुजरी है, वहां के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया है। जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव व सिसवा विधानसभा प्रभारी राजेश मद्धेशिया राजू ने कहा कि इस कारवां को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान राकेश मद्धेशिया, डॉ. नितिन श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव व नन्दलाल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्रकार पर पत्नी व चार बच्चो को जबरिया शिकंजे मे रखने का आरोप

## पत्नी व बच्चो के लिये दर दर की ठोकर खा रहा सोनू

## पत्रकार पर कार्यवाही की गुहार

संवाददाता, गोरखपुर। जनपद के गगहा थानान्तर्गत सोनू विश्वकर्मा पुत्र श्री राम शर्मा निवासी ग्राम व पो0—गजपुर थाना—गगहा जनपद गोरखपुर ने एसएसपी गोरखपुर को पत्रक भेजकर अपनी पत्नी व चार बच्चों के रिहाई का गुहार लगाया है। सोनू विश्वकर्मा ने एसएसपी को दिये पत्रक में लिखा है कि उसका विवाह 02.06.2005 को सत्या देवी पुत्री फून्नु विश्वकर्मा के साथ सम्पन्न हुआ था। विवाह के बाद पति पत्नी का सम्बन्ध बहुत अच्छा रहा है परन्तु कुछ महीनो बाद प्रार्थी अपना तथा अपने परिवार का भरण पोषण जीवकोपार्जन के लिये विदेश में कमाने चला गया, जब प्रार्थी विदेश कमाने चला गया तभी प्रार्थी के रिश्तेदार अनिल कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय रामहित निवासी ग्राम कठवर पो0—माल्हनपार थाना—बांसगांव जनपद गोरखपुर का प्रार्थी के घर से लगातार आना जाना बना रहा।

अनिल कुमार विश्वकर्मा पेशे से पत्रकार है तथा बहुत ही घटिया किस्म का व्यक्ति है। अनिल कुमार विश्वकर्मा प्रार्थी के घर लगातार आता जाता रहा है और प्रार्थी की पत्नी सत्या देवी व चार नाबालिग बच्चे शालिनी उम्र—13 वर्ष, मानसी उम्र—11 वर्ष, व नित्या —3 वर्ष, अवनीश 3 वर्ष को बहला फुसलाकर अपने साथ अपने घर पिछले 12 महीनो से अपने घर में रखा है जब प्रार्थी अपने पत्नी व बच्चो को बुलाने जाता है तो उक्त पत्रकार अनिल कुमार विश्वकर्मा प्रार्थी को मारपीट कर व गाली गुप्ता देकर भगा देता है। प्रार्थी की सुनवाई किसी भी प्रकार से नही हो पा रही है । पत्रकार अनिल कुमार विश्वकर्मा कहता है कि हम चारों बच्चो की हत्या करके फेक देगें तुम कुछ नही कर पावोगे और तुम्हारी पत्नी को अपने साथ रखेगें।

उक्त घटना की सूचना प्रार्थी ने चौकी व थाने पर दिया तो कोई सुनवाई नही हो रही है प्रार्थी हर जगह से थक हार चुका है प्रार्थी को बार बार पत्रकार अनिल कुमार विश्वकर्मा द्वारा फोन करके जान से मारने की धमकी तथा फर्जी मुकदमों में फँसाने की धमकी लगातार प्रार्थी को दिया जा रहा है। प्रार्थी मजदूर किस्म का इंसान है प्रार्थी दिनांक 25.11.2021 को नजदीकी चौकी गजपुर पर दिया परन्तु वहां भी प्रार्थी की सुनवाई नही हुई तथा प्रार्थी को दरोगा महोदय के द्वारा धमकी दिया जा रहा है कि तुम ज्यादा बोलोगे तो तुम्हे हम चालान करके जेल भेज देगें। अनिल कुमार विश्वकर्मा पत्रकार है और तुम उनके खिलाफ शिकायत कर रहे हो। दरोगा महोदय यह भी बोले कि अगर तुम दो दिन के अन्दर अपना शिकायत पत्र वापस नही लोगे तो हम तुम्हारा पासपोर्ट रदद कर जप्त करा देगें तुम्हे विदेश नही जाने देगें और तुम्हे जेल भेज देगें। प्रार्थी दरोगा की बात सुनकर बहुत सहमा तथा डरा हुआ है। सोनू ने डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र तथा एसएसपी गोरखपुर को पत्रक देकर अपने बीबी बच्चो की रिहाई तथा पत्रकार के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगायी है।

# अवैध कब्जा करने तथा हत्या की जताई आशंका

## प्राथमिकी दर्ज करने की तहरीर दी

संवाददाता, गोरखपुर। सिकरीगंज थाना अन्तर्गत —शहनाज बानो पुत्री जहीर अहमद निवासी सिकरीगंज बुजुर्ग थाना सिकरीगंज ने वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक, डीआईजी, एडीजीपी,मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व तहसीलदार खजनी को आवेदन पत्र बजरिये आईजीआरएस भेजकर तत्काल कार्यवाही की गुहार लगाई है उसने भेजे गये पत्रक में लिखा हैं कि आराजी नं0—81 मे जमीन रजिस्ट्री कराकर मकान तामिर करवाकर वर्षो से निवास कर रही है तथा बाकी शेष जमीन पर चाहरदिवारी है।

प्रार्थिनी के बगल के जमीन के मालिक मदन राय पुत्र हरिश्चन्द्र राय निवासी बड़गो थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर जो भूमाफिया तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं क्षेत्र में इनका आतंक है इनके डर से कोई भी व्यक्ति इनके विरूद्व बोलने की हिमाकत नही करता है।

दिनांक 26.10.2021 को समय करीब 10.00 बजे अपने 4—5 अज्ञात असामाजिक साथियों के साथ आकर प्रार्थिनी का बाउंड्रीवाल गिराकर अवैध ा हथियारों के साथ प्रार्थिनी के जमीन को जबरदस्ती कब्जा करने लगे प्रार्थिनी ने जब कब्जा करने से मना किया माँ बहन की भददी भददी गाली देते हुये प्रार्थिनी की हत्या की धमकी देते हुये दौड़ा लिये प्रार्थिनी किसी तरह से छुपकर घर में अपनी जान बचायी। जबरिया प्रार्थिनी की 9 फुट जमीन पर अवैध रूप टिनशेड डाल लिया है जबकि वह भूमि प्रार्थिनी की है। उक्त भूमाफिया से प्रार्थिनी की कब्जा किये गये जमीन को मुक्त कराना तथा इस भूमाफिया से प्रार्थिनी व प्रार्थिनी के परिवार की जानमाल की रक्षा किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

# ध्रुव आठवीं बार अध्यक्ष तो सत्यप्रकाश दूसरी बार बने मंत्री

## उ प्र बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की द्विवार्षिक जनपद स्तरीय कार्यकरिणी का हुआ गठन

संवाददाता, कुशीनगर।जनपद मुख्यालय पर रविवार को सीएमओ सभागार में उ प्र बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की द्विवार्षिक जनपद स्तरीय कार्यकारिणी की गठन के लिये बैठक हुयी। कार्यक्रम की शुरुआत आये अतिथियों का माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर किया गया। जनपद स्तरीय कार्यकारिणी का चुनाव सयुक्त राज्यकर्मचारी परिषद के जिलाध




यक्ष प्रभुनन्द उपाध्याय व शैलेन्द्र मिश्र जिलाध्यक्ष लिपिक संवर्ग तथा आशुतोष मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष टीबी सेवा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से ध्रुव शर्मा को आठवी बार अध्यक्ष तथा सत्यप्रकाश रावत को दूसरी बार महामंत्री,अरुण कुमार सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,राकेश मद्देशिया को कोषाध यक्ष,विनोद कुमार शाह को संगठन मंत्री,आशुतोष दुबे को संप्रेक्षक के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया ।तहसील अध यक्ष तमकुही के लिये चन्द्रप्रकाश,कसया के लिये विमलेश दुबे,हाटा के लिये धर्मेन्द्र गौड़,कप्तानगंज के लिये आनन्द दुबे,पड़रौना के लिये सुमित श्रीवास्तव, खड्डा के लिये अनिल कुशवाहा को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी मुख्यचिकित्साधि ाकारी डॉ ताहिर अली ने कहा है कि आपसी भाईचारा से ही संगठन में एकजुटता बनी रहती है ।आपस में समन्वय से अनेक समस्याओं का समाधान भी हो जाता है।

हम संगठित होकर ही अपने हक की लड़ाई जीत सकते है। कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष प्रभुनन्द उपाध्याय ने कहा कि संगठन की ताकत हम कर्मचारियों की एकजुटता है और इसे हम जितना मजबूत रखेगे उतनी ही आसानी से हम अपनी मांगे मनवा सकते है। कार्यक्रम में आये अतिथियों के प्रति नवनिर्वाचित जिलाध यक्ष ध्रुव शर्मा ने आभार ज्ञापित किया ।संचालन जिलामंत्री सत्यप्रकाश रावत ने किया ।इस दौरान वीरेन्द्र कुमार दीक्षित,विश्राम राव, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, अम्बरीष गुप्ता,प्रशांत कुमार शर्मा,अश्वनी तिवारी,प्रमोद कुशवाहा,हरिश्चंद्र गौड़,हरिवंश गुप्ता,नरेंद्र सिंह,अमित,रविन्द्र राय, विकास सिंह,आदित्य नाथ सिंह,सुभावती देवी,प्रतिमा मौर्या,पुनीता सुमन सीमा चौधरी आदि उपस्थित रही।

# सैथवार को मूल नाम से सरकार दे आरक्षण : ई0 मनोज सिंह सैथवार




संवाददाता,गोरखपुर। रविवार को राष्ट्रीय सैथवार कप्तानगंज ब्लॉक के सीधावट गॉव में हुई इस मीटिंग की अध यक्षता बिस्वाजी सिंह संचालन अनिरुद्ध सिंह नेबुआ नौरंगिया ने किया और देवरिया में 17घ्12घ्21 मूल नाम से आरक्षण के लिए जनाआक्रोश रैली में आने माँ आह्वान किया। राष्ट्रीय सैथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा के राष्ट्रीय अध यक्ष ई0 मनोज सिंह सैथवार ने मुलनाम से आरक्षण के लिए सरकार से मांग की अगर हमारी बातो को नही सुना गया तो राष्ट्रीय सैथवार मल्ल स्वाभिमान दूसरे विकल्प पर विचार करेगा। मनोज सिंह सैथवार अन्हारीबारी ने राष्ट्रीय सैथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा को मूल नाम से आरछण का हितेसी बताया साथ में यह भी कहा की जो लोग मोर्चा को आरक्षण बिरोधी कहते हैं वो सरासर मोर्चा को बदनाम कर रहें हैं मोर्चा मुलनाम से आरक्षण का पक्षधर हैं। अनिल कुमार सिंह बदल छपरा ने मुलनाम से आरक्षण के लिए गॉवो से लेकर संसद तक अवाज उठाने पर जोड़ दिया। अध्यापक बंका सिंह बदल छपरा ने सैथवार मल्ल जाती को कैसा ठगा गया इसकी बिस्तृत जानकारी दी।

मनोज सिंह (सीधावट) ने अपनी वंसावली बचाने पर जोड़ दिया। दायशंकर सिंह (सिंधावट) स्वास्थ विभाग ने अपने बच्चों को अपनी स्वाभिमान बताने पर जोड़ दिया। रविंद्र सिंह खड्डा ने मुलनाम आरक्षण के लिए जोर सोर से अवाज उठायी जिसका समर्थन सब लोगों ने किया। इस मीटिंग में अनिरुद्ध सिंह (नेबुआ) मनोज सिंह सैथवार (अन्हारीबारी ) चन्द्रभूषण सिंह, बंका सिंह, जनार्दन सिंह, दयाशंकर सिंह, गोमती सिंह, ब्रजेदर सिंह, अयोध्या सिंह, हरिद्वारा सिंह, अशोक सिंह, प्रेम कुमार सिंह, दिनेश सिंह, मगत सिंह, अमित सिंह, अकास सिंह, अकास सिंह, अरुण प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिंह, गौतम कुमार सिंह, रामप्यारे सिंह, समरजीत सिंह, रविंद्र सिंह, रणजीत सिंह, मनोज सिंह, मुन्ना सिंह, जनार्दन सिंह, आदित्य कुमार सिंह, अनिल सिंह, मनोज कुमार सिंह, नर्सिंग सिंह, दीनानाथ सिंह, अंबरीश सिंह, रितेश गुप्ता, ब्रम्हा सिंह, अमर सिंह, बीरेंदर सिंह आज के मीटिंग में अन्य सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# ध्रुव आठवीं बार अध्यक्ष तो सत्यप्रकाश दूसरी बार बने मंत्री

## उ प्र बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की द्विवार्षिक जनपद स्तरीय कार्यकरिणी का हुआ गठन

संवाददाता,अवनीश कुमार, कुशीनगर। जनपद मुख्यालय पर रविवार को सीएमओ सभागार में उ प्र बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की द्विवार्षिक जनपद स्तरीय कार्यकारिणी की गठन के लिये बैठक हुयी। कार्यक्रम की शुरुआत आये अतिथियों का माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर किया गया। जनपद स्तरीय कार्यकारिणी का चुनाव सयुक्त राज्यकर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष प्रभुनन्द उपाध्याय व शैलेन्द्र मिश्र जिलाध्यक्ष लिपिक संवर्ग तथा आशुतोष मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष टीबी सेवा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से ध्रुव शर्मा को आठवी बार अध्यक्ष तथा सत्यप्रकाश रावत को दूसरी बार महामंत्री,अरुण कुमार सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,राकेश मद्देशिया को कोषाध यक्ष,विनोद कुमार शाह को संगठन मंत्री,आशुतोष दुबे को संप्रेक्षक के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया ।तहसील अध यक्ष तमकुही के लिये चन्द्रप्रकाश,कसया के लिये विमलेश दुबे,हाटा के लिये धर्मेन्द्र गौड़कप्तानगंज के लिये आनन्द दुबे,पड़रौना के लिये सुमित श्रीवास्तव, खड्डा के लिये अनिल कुशवाहा को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ ताहिर अली ने कहा है कि आपसी भाईचारा से ही संगठन में एकजुटता बनी रहती है ।आपस में समन्वय से अनेक समस्याओं का समाधान भी हो जाता है। हम संगठित होकर ही अपने हक की लड़ाई जीत सकते है। कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष प्रभुनन्द उपाध्याय ने कहा कि संगठन की ताकत हम कर्मचारियों की एकजुटता है और इसे हम जितना मजबूत रखेगे उतनी ही आसानी से हम अपनी मांगे मनवा सकते है। कार्यक्रम में आये अतिथियों के प्रति नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ध्रुव शर्मा ने आभार ज्ञापित किया ।संचालन जिलामंत्री सत्यप्रकाश रावत ने किया ।इस दौरान वीरेन्द्र कुमार दीक्षित,विश्राम राव, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, अम्बरीष गुप्ता,विकास सिंह,आदित्य नाथ सिंह,सुभावती देवी,प्रतिमा मौर्या,पुनीता सुमन सीमा चौधरी आदि उपस्थित रही।

# सम्पादकीय

## असलियत तो कुछ और बताती है !

किसी को लगता है कि मोदी सरकार झुक गई, आप पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सासंद संजय सिंह ने कहा कि 56ˢ वाला डर गया, उधर देश की सामान्य जनता बोल रही , मोदी ने निराश कर दिया और आंदोलनजीवी जीत गये । पर क्या ये मोदी की अपमानजनक हार है या भाजपा की कोई सोची समझी रणनीति ! या तो इसका मतलब केवल और केवल यही है कि अभी आप मोदी को समझ ही नहीं पाये। ये मोदी है, नरेंद्र दामोदरदास मोदी,ये सत्ता सुख भोगने नहीं आया है क्योंकि संघ से जुड़ा व्यक्ति कभी निम्न स्तर कि राजनीति तो कर ही नहीं सकता , लोग कहते है कि मोदी आया है इस देश में चल रही देशतोड़क शक्तियों की साजिशों को निष्प्रभावी करने के लिये, वो आया है आपके भविष्य की पीढ़ी की रक्षा के लिये, उन्हें लपलपाते गजवा ए हिंद के नाग के हमले से बचाने के लिये। 67 सालों में शत्रु को इतना शक्तिशाली बना दिया था देश के गद्दारों ने कि इनसे सीधे निबटने से पहले दीर्घकालिक रणनीति बनानी पड़ती है, दूर की सोचना होता है, शत्रु पर अंतिम वार से पहले उसे कमजोर करना होता है। ये धर्म युद्ध है। अगर भगवा वाहकों की माने तो मोदी सनातन धर्म और सनातनों की रक्षा की लड़ाई लड़ रहे है। इस प्रक्रिया में उसके कुछ निर्णय त्वरित प्रक्रिया की बानगी में बौने जरुर लगेंगे पर याद रखना कि मोदी क्षतिज के पार देखना जानता है। इजराइल में वहां की फलिस्तीनी आबादी सड़कों पर आ गई थी तो वहां के नागरिक अपने देशाध्यक्ष के भरोसे ही नहीं बैठे रहे,...वो स्वंय सड़कों पर उतर आये थे गद्दारों को सबक सिखाने। बिना गलती के ही विश्व के नंबर वन लीडर को अपने ही देश के सामने माफी माँगनी पडती है, तो हम जैसे राष्ट्र वादी लोगों को लिखने पर मजबूर होना पडता है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की संख्या लगभग 18 करोड के आस पास है। और ये सभी लोग क्या करते हैं । आज फलनवा के पार्टी मे शामिल हुआ। आज ढेकनवा का जन्म दिन है, आज फलाने जगह घुमने जा रहा हुँ, आज मै फलाना पद पर सम्मानित किया गया, आप ढिमके भैया से उनके घर पर जाकर मुलाकात की, आज फलाने नेता के साथ सेल्फी लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, आज फलनवा की रैली मे सम्मिलित हुआ, गुड मार्निंग मित्रो, गुड नाइट मित्रो आदी जैसे पोस्ट ही चिपकाते मिलेंगे ये लोग। अगर ये सब छोडकर सिर्फ मोदी और योगी जी जैसे नेता लोगों के काम को पोस्ट करते, कृषि कानून को जनता को समझाते, घर घर जाकर या चौरहे पर ही जनता को अपने पार्टी का काम बताते तो आज ये नौबत ही नही आती। इन लोगों तो बस यही लगता है कि मोदी जी और योगी जी सब संभाल लेंगे। इन्हे बस पार्टी के पद और पैसे से ही बस मतलब है। करना धरना कुछ नही और कहते फिरेंगे की ये पार्टी कार्यकरिताओं की सुनती ही नही है। और ऐसे 99: लोग सिर्फ भाजपा मे ही पाये जाते हैं। यही कारण भी बनता है किसी राज्य मे भाजपा के हारने का।



(पंकज कुमार मिश्रा एडिटोरियल कॉलमिस्ट शिक्षक एवं पत्रकार केराकत जौनपुर ।)

## विकास का 'जेवर'

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डे का उ.प्र. के जेवर में शिलान्यास होना सुखद है। यह विकसित होते भारत की जरूरत भी है ताकि देश में वैश्विक सुविधाओं वाले हवाई अड्डे बनें। दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बने करीब छह दशक हो गये हैं और तमाम विस्तार के प्रयासों के बाद अब और गुंजाइश नहीं है। वैसे भी दिल्ली जिस तरह भीड़भाड़ व प्रदूषण के आगोश में आ चुकी है, उसके लिये हवाई यातायात की विकेंद्रीकृत व्यवस्था जरूरी हो गई थी। देश के हवाई यातायात का सत्ताईस प्रतिशत भार वहन करने वाले इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर रोज तेरह सौ के करीब जहाज उतरते हैं। अब जब आने वाले समय में दिल्ली हवाई अड्डे से करीब सत्तर कि. मी. दूर नया हवाई अड्डा बन जायेगा तो न केवल उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि दिल्ली पर वाहनों व प्रदूषण का दबाव भी कम होगा। ऐसे में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उ. प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इसका शिलान्यास क्षेत्र की अन्य विकास परियोजनाओं को भी गति देगा। सही मायनो में अब डबल इंजन वाली योगी सरकार के दौरान राज्य में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों की संख्या पांच तक पहुंच जायेगी। लखनऊ, वाराणसी के बाद कुशीनगर व अयोध्या में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद जेवर का हवाई अड्डा राज्य का पांचवां गहना बनेगा। इस हवाई अड्डे में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के यात्रियों के लिये सुविधा होने से निस्संदेह क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बताया जा रहा है कि पहले चरण में जहां हवाई अड्डे में सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की सेवा की व्यवस्था होगी तो छत्तीस माह बाद पूरा होने पर सात करोड़ लोगों को सुविधा देने में इसे सक्षम बताया जा रहा है। मालवाहक सुविधा व वायुयानों के रखरखाव से जुड़े क्षेत्र में कारोबार व विकास को सही मायनों में गति मिलेगी। निस्संदेह, जेवर हवाई अड्डे जैसी बड़ी योजनाओं के सिरे चढ़ने से न केवल आवागमन की सुविधा का विस्तार होगा बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी ऊंची उड़ान भर सकेगी। बड़ी विकास योजनाएं निस्संदेह रोजगार की नयी शृंखला को जन्म देती हैं। इस हवाई अड्डे से आगरा, वाराणसी व अन्य पर्यटक स्थलों तक यात्रियों के पहुंचने के लिये सड़क व रेल सुविधा का विस्तार भी किया जायेगा। वैसे तो इस हवाई अड्डे के निर्माण की घोषणा अर्सा पहले हो गई थी लेकिन भूमि अधिग्रहण से जुड़ी पेचीदगियों के चलते इसमें विलंब हुआ। सरकार ने इस परियोजना के पहले चरण की शुरुआत तो कर दी है लेकिन जरूरी है कि इस योजना के हवन कुंड में अपनी बेशकीमती जमीन सौंपने वाले लोगों को समय रहते न्याय मिले। कहा जा रहा है कि कुछ किसानों को अधिगृहीत भूमि का मुआवजा नहीं मिल पाया है। ऐसा अक्सर होता है कि संवेदनहीन तंत्र और बिचौलियों की दखल के चलते जमीन देने वाले किसान मुआवजे के लिये सरकारी दफ्तरों के चक्कर ही काटते रहते हैं।

# याद किया जायेगा किसान आन्दोलन

डा तवस्सुम जहां



भारत के स्वतंत्रता संग्राम और उसमें महात्मा गांधी के सत्याग्रह के प्रयोग नेए न केवल भारत को बल्कि भारत के साथ और उसके बाद आजाद होने वाले तीसरी दुनिया के दर्जनों देशों को स्वतंत्रता आंदोलन की व्यावहारिक समझ दी और अप्रत्यक्ष तौर पर उसका नेतृत्व भी किया। पुर्तगाल के विरुद्ध गोवा के मुक्ति संग्राम को सीधे तौर पर सरदार पटेल और राम मनोहर लोहिया ने नेतृत्व दियाए लेकिन इसके अलावा मम्यांमार बहरीनए कांगो और दक्षिण कोरिया जैसे दर्जनों देश भारतीय स्वतत्रंता संग्राम से प्रेरित होकर अपनी आजादी की लड़ाई में कामयाब हुए। न केवल राष्ट्रों की आजादीए बल्कि दुनिया को लोकतांत्रिक समाज के भीतर प्रतिरोध का जो अनुशासित पाठ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और महात्मा गांधी ने दियाए उससे सबक लेकर भारत तथा दुनिया के बहुत से देशों में आज भी सरकारों के विरुद्ध संघर्ष की परंपरा जिंदा है। आंदोलन के संकट के समय हमारा स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास यह सबक देता है कि आंदोलन में लगातार आगे ही नहीं बढ़ा जाता बल्कि बैठ जानाए चौरी.चौरा की तरह आंदोलन का स्थगित हो जानाए राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस की तरह कई बार वार्ता का अवसर लेना और अंततः श्भय बिन होत न प्रीत गुंसाई श्की तर्ज पर श्करो अथवा मरोश् के आह्वाहन के साथ भारत छोड़ो आंदोलन का सबक भी हमारे स्वतंत्रता संग्राम इतिहास का एक बेजोड़ हिस्सा है। महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास ने कालांतर में दक्षिण अफ्रीका की आजादी के लिए नेल्सन मंडला जैसा नायक पैदा कियाए वहीं अमेरिका के दागदार लोकतंत्र से नस्लभेद के दाग को मिटाने के लिए मार्टिन लूथर किंग जूनियर को प्रेरित किया। महात्मा गांधी के विचार श्दुनिया को बदला जा सकता हैश् के एक विचार से प्रेरित होकर स्टीव जॉब्स एक बड़े और सफल व्यवसाई बन गए।

कोरोना के संकट के समय जब दुनिया अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को सुधार रही थीए उस पर अमल कर रही थी। ठीक उस समय मौजूदा तीन कृषि कानून अध्यादेश के रूप में भारत में आएएजो 20 सितंबर 2020 को राज्यसभा से कृषि बिल के पास होने के साथ ही कानून बन गए। अध्यादेश के समय ही पंजाब में इन कानूनों के विरुद्ध आंदोलन के सुगबुगाहट तेज हो गई थी। लेकिन कानून बनते ही आंदोलन की पहली अगुवाई 26 सितंबर 2020 को भारत बंद के साथ हुई जो काफी हद तक कामयाब रही। उसके बाद 40 से अधिक संघर्षरत किसान संगठनों ने 7 नवंबर 2020 को संयुक्त किसान मोर्चा यअहिंसक प्रतिरोधद्ध का गठन किया। अपनी टैगलाइन के रूप में अहिंसक प्रतिरोधा शब्द को जोड़ देने मात्र से ही किसानों ने अपनी लंबी लड़ाई के इरादे को जाहिर कर दिए था। साथ ही यह भी संदेश दिया कि वह गांधी के अहिंसा के मार्ग की ताकत को पहचानते हैं। जानते हैं कि शक्तिशाली सत्ता के साथ मुकाबला सिर्फ अहिंसा के मार्ग से ही किया जा सकता है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा दिल्ली को घेरने की कॉल के साथ ही 26 नवंबर 2020 को जब किसानों का पहला जत्था हरियाणा से सिंघु बॉर्डर पर पहुंचा तो पानी की बौछार से स्वागत हुआ सीमेंट की बैरिकेड तथा ऐतिहासिक प्रबंधों के साथ किसानों के जत्थे को वहां रोक दिया गयाए इसी के साथ.साथ राजस्थान से आ रहे किसान टिकरी बॉर्डर और उत्तर प्रदेश से लगे गाजीपुर पर भी किसानों को रोक दिया गया। पुलिस के साथ किसानों का गंभीर टकराव हुआ लेकिन किसान अपनी टैगलाइन अहिंसक प्रतिरोध को यहां बचाए रखने में कामयाब रहे यह किसानों की पहली जीत थी। दिल्ली न पहुंचने पर किसानों ने दिल्ली की तीन ओर से आ रही तीनो सीमाओं पर अपने डेरे डाल दिएए एक.दो दिन में ही इन स्थानों पर टेंटेड कॉलोनी और स्थाई भोजन के लंगर चल पड़ेए सारे जरूरी इंतजाम ऐसे हुएए जैसे कोई स्थाई शहर यहां आकर बस गया होए व्यवस्थित किसान आंदोलन जिसमें शानदार टेंट थेए सारी जरूरी सुविधाएं थी। आंदोलन की इस व्यवस्था को देखने के लिए देश और दुनिया के बहुत सारे छात्रए शोधकर्ता और आंदोलनकारी इन तीनों आंदोलन के स्थानों पर आने लगे। आंदोलन के दीर्घ जीवी होने के लिए आंदोलन का सबसे जरूरी पक्ष साहित्य और कला का होता है।

वह भी इस आंदोलन में साथ.साथ चला आंदोलन के मंच से किसान आंदोलन के जुड़ी 2ए000 से अधिक कविताओं का सृजन हुआए दर्जनों कहानी संग्रह लिखे गए और कुछ उपन्यास भी इस आंदोलन के गर्भ से निकले। नवंबर 2020 से आंदोलन के दबाव में भारत सरकार ने आंदोलनकारी संगठन को वार्ता का निमंत्रण दियाए 1 दिसंबर को दो दौर की वार्ता हुई आंदोलन में वार्ता में भागीदारी के लिए 25 सदस्य किसानों के वार्ता दल का गठन हुआए आंदोलन के बिंदुओं पर चर्चा के लिए पहले कोर कमेटी की बैठक होती थी फिर वार्ता। वार्ता के निष्कर्षों पर पुनः समीक्षा और भविष्य के लिए वार्ता की दिशा तय की जाती थी। यह सब कुछ इतना व्यवस्थितए लोकतांत्रिक और अनुशासित था साथ ही वार्ताकारों का नैतिक पक्ष मजबूत रहे इसके लिए आंदोलनकारी किसानों ने सरकारी भोजन का परित्याग किया और वार्ता के दौरान अपने ही लंगर से भोजन किया गया जो कि आंदोलन की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा था। वार्ता के दौरान लम्बे गतिरोधा के बने रहने के बाद भी कभी भी वार्ता के मध्य उत्तेजना और हिंसा की जैसी पृष्ठभूमि नहीं देखी गईए यह इस आंदोलन और वार्ता की रणनीति का एक शानदार नमूना था। थका देने वाली लंबी वार्ताओं के बाद आखिरकार 22 जनवरी 2021 से वार्ता का यह क्रम टूट गया। अब किसानों का आंदोलन मनोवैज्ञानिक लड़ाई लड़ रहा थाए 26 जनवरी 2021 को किसानों की गणतंत्र दिवस परेड निकाले जाने की मांग की सीमित अनुमति प्रदान हुई लेकिन यहीं किसानों के एक छोटे गुट ने जिनका नेतृत्व दीप सिद्धू और लक्की सडाना द्वारा किए जाने का आरोप हैए ने निर्धारित रूट से अलग हटकर दिल्ली पुलिस के बैरियरों को तोड़कर लाल किले पर एक संप्रदाय विशेष का झंडा फहराने का प्रयास कियाए यहां व्यापक हिंसा हुई लेकिन पुलिस ने बड़े संयम का परिचय दियाए बड़ी हिंसा और पूरे दिल्ली में अराजकता होने से बच गई।

अहिंसक प्रतिरोध के अपने सिद्धांत से जैसे ही किसान आंदोलन भटका तो उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गईए अब माना जाने लगा कि किसान आंदोलन बगैर किसी निष्कर्ष के खत्म हो जाएगा। लेकिन तभी गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस द्वारा अचानक राकेश टिकैत के मंच पर जोर.जबरदस्ती का जो प्रयास किया और राकेश टिकैत के जो बेबसी के आंसू छलकेए उसने पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बिखर चुके आंदोलन को फिर से ताकत दी। किसान आंदोलन फिर से नए संकल्प के साथ ही एकत्रित हुआए दीप सिद्धू तथा अन्य किसान आंदोलन के घटक जो कि दिल्ली हिंसा में शामिल थेए से संयुक्त किसान मोर्चा ने किनारा किया। और आंदोलन को पुनः अहिंसक और प्रभावी बनाए रखने की रणनीति के तहत आंदोलन के बड़े कार्यक्रम जारी हुएए जिसमें किसान बहुल क्षेत्रों में किसान पंचायतए बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान किसानों का पक्ष रखनाए साथ ही जुलाई.अगस्त के संसद सत्र में किसान संसद का संचालन जैसे बड़े और सफल कार्यक्रमए इस अवधिा में हुए। पूरे एक साल चले आंदोलन में प्रकृति ने भी आंदोलनकारियों की गहरी परीक्षा लीए जहां इस वर्षदिल्ली के बॉर्डर पर शून्य के आसपास पारा रहाए वही कोरोना के भयंकर हाहाकार के बीच किसान आंदोलन बड़ी महामारी से बचा रहा। भयंकर गर्मी और लू के थपेड़े सहन की 45 डिग्री से अधिक का तापमान महीने भर बना रहा।

लगातार चार पांच दिन की मूसलाधार बारिश का सामना करने के बाद पानी.पानी हो चुके टैंटों पर भी आंदोलन को जिंदा रखने के संकल्प ने आखिरकार यह संदेश दिया कि यदि आप विचारधारा और रणनीति के स्तर पर मजबूत हैं हिंसक नहीं हैए तो आप के आंदोलन की विजय होती है। आखिरकार 19 नवंबर 2021 का दिन आंदोलन के लिए एक ऐतिहासिक दिन आया। जब प्रधानमंत्री ने इन तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की। यह किसान आंदोलन 21वीं सदी में लोकतंत्र की पाठशाला के रूप में भी याद रखा जाएगा।

# टीईटी : हताश परीक्षार्थियों को बसों के लिए करना पड़ा इंतजार



प्रयागराज। शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त होने से हताश छात्रों को घंटों बसों के लिए इंतजार करना पड़ा। बसें आईं तो परीक्षार्थियों को सीट के लिए धक्कामुक्की करनी पड़ी। पहली पाली की परीक्षा के बाद दूर–दराज से आए परीक्षार्थी बस अड्डों पर पहुंचे।

सिविल लाइंस बस अड्डा पर पहले से काफी भीड़ थी। लोगों के साथ परीक्षार्थी भी बसों का इंतजार करने लगे। सड़क परिवहन निगम ने परीक्षा और सहालग के लिए अतिरिक्त बसें चलाईं, फिर भी बस अड्डे पर हताश परीक्षार्थियों को इंतजार करना पड़ा। दोपहर एक बजे के बाद लखनऊ और वाराणसी रूट की बसें भी कम पड़ गईं।

टीईटी के परीक्षार्थियों को शाम तक बसों के लिए इंतजार करना पड़ा। परीक्षा निरस्त होने के तुरंत बाद हंगामे की आशंका के मद्देनजर सिविल लाइंस और जीरो रोड बस अड्डे पर पुलिस तैनात कर दी गई। सिविल लाइंस बस अड्डा छावनी में तब्दील हो गया। सुबह 11 बजे एडीएम जगदंबा सिंह व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। एडीएम घंटों बस अड्डा पर रहे। परीक्षार्थी आते रहे लेकिन हंगामा नहीं हुआ।

परीक्षा निरस्त होने के बाद घर लौटने वाले परीक्षार्थियों से किराया न लेने का फरमान जारी किया गया। कहा गया कि टीईटी के परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड दिखाने पर किराया नहीं देना होगा। इस फरमान के बाद भी सैकड़ों परीक्षार्थी किराया देकर बसों से गए। बसों में में किराये को लेकर परीक्षार्थी और परिचालकों के बीच कहासुनी हुई। परीक्षार्थियों से किराया नहीं लेने का लिखित आदेश नहीं आने से मुश्किल खड़ी हुई। सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना था कि कहीं से आदेश नहीं आया तो क्या करें।

शाहगंज जौनपुर से परीक्षा देने प्रयागराज आए धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि परिचालक किराया लिए बगैर ले जाने को तैयार नहीं हो रहे हैं। सिगरा वाराणसी से आए अमित राय ने भी कहा कि बसों के परिचालक एडमिट कार्ड दिखाने के बाद भी किराया मांग रहे हैं।

## कुछ करते हैं खेल और भुगतते हैं लाखों

धूमनगंज के केंद्र से परीक्षा देकर लौटी निकिता ने बताया कि पेपर आउट कराने का खेल कुछ लोग करते हैं। इसका खामियाजा लाखों को भुगतना पड़ता है। निकिता की बातों का समर्थन करते हुए वाराणसी के अमित ने कहा कि परीक्षा अच्छी हुई, लेकिन अब ये किसी काम की नहीं। रुपये और समय दोनों बर्बाद हुआ। चंद लोगों ने पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया। तमाम परीक्षार्थियों ने परीक्षा की व्यवस्था में खामियों पर भी सवाल खड़ा किया। सभी ने कहा कि जब तक व्यवस्था मजबूत नहीं होगी, पेपर आउट होता रहेगा।

# टीईटी : कक्ष से गेट तक पहुंचे तो उदासी में बदल गया उत्साह




,प्रयागराज। प्रथम पाली में टीईटी का पेपर रविवार को सुबह दस बजे से शुरू हुई। कुछ ही मिनट बीते थे कि पेपर आउट होने और निरस्त होने की सूचना सोशल मीडिया पर फैल...प्रथम पाली में टीईटी का पेपर रविवार को सुबह दस बजे से शुरू हुई। कुछ ही मिनट बीते थे कि पेपर आउट होने और निरस्त होने की सूचना सोशल मीडिया पर फैल...प्रथम पाली में टीईटी का पेपर रविवार को सुबह दस बजे से शुरू हुई। कुछ ही मिनट बीते थे कि पेपर आउट होने और निरस्त होने की सूचना सोशल मीडिया पर फैल...

प्रथम पाली में टीईटी का पेपर रविवार को सुबह दस बजे से शुरू हुई। कुछ ही मिनट बीते थे कि पेपर आउट होने और निरस्त होने की सूचना सोशल मीडिया पर फैल गई। परीक्षा केंद्र के बाहर उपस्थित अभिभावकों में अफरातफरी की स्थिति हो गई। सभी अपने–अपने परीक्षार्थी का गेट से बाहर निकलने का इंतजार करने लगे। यह नजारा चाका के नंद किशोर सिंह पीजी कॉलेज, बाबू जवाहर सिंह यादव इंटर कॉलेज, सोनौटी झूंसी केंद्र पर देखने को मिला।

परीक्षार्थी जब ढाई घंटे की परीक्षा दे कर केंद्र से बाहर निकले तो गेट पर अभिभावकों को सभी प्रश्न हल करने की कहानी बयां करने लगे। परीक्षार्थियों की बात सुनते ही अभिभावक भी उन्हें जब बताया कि परीक्षा निरस्त हो गई है तो अवाक रह गए।

प्रतापगढ़ की प्रीति चाका के नंद किशोर सिंह पीजी कॉलेज में परीक्षा देकर गेट से निकलने वाली पहली अभ्यर्थी रहीं। उन्होंने अपने पापा किशन के पास आकर बताया कि सभी 150 प्रश्नों के उत्तर हल किया है। इस पर पापा ने बताया कि बेटा तुम्हे नहीं मालूम परीक्षा निरस्त हो गई है। प्रीति ने कहा कि परीक्षा के दौरान हम लोगों को कोई सूचना रद्द होने की नहीं दी गई। द्वितीय पाली की परीक्षा से पहले कॉलेज प्रशासन ने परीक्षा रद्द की नोटिस चस्पा करवा दी।

चाका के नंद किशोर सिंह पीजी कॉलेज में परीक्षा शुरू होने के बाद आधे घंटे बाद गेट पर पहुंची शांतीपुरम की किरन गार्ड से गिड़गिड़ाने लगीं। प्लीज भैया जाने दीजिए, जाम के कारण लेट हो गई। मेरी परीक्षा छूट जाएगी, लेकिन गार्ड ने गेट नहीं खोला। वह रोने लगी। पास खड़े लोगों ने बताया कि परीक्षा निरस्त हो गई है। तब जाकर किरन ने रोना बंद किया। एक घंटे इंतजार करने के बाद चली गई।

### छात्रों ने पुतला जलाकर किया प्रदर्शन

पेपर आउट होने पर छात्रों ने छात्रसंघ भवन के बाहर मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता गुड्डू ने कहा कि यूपी टीईटी का पेपर लीक विभाग की खामी है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध का दावा किया जा रहा था। बिना विभागीय मिलीभगत के सेंधमारी नहीं हो सकती। प्रदर्शन में संदीप विश्वकर्मा, गोलू पासवान, राहुल पटेल, नवनीत यादव आदि शामिल रहे। उधर दिशा छात्र संगठन ने सलोरी में पुतला जलाकर प्रदर्शन किया। अविनाश ने कहा कि प्रदेश के पिछले साढ़े 4 साल के कार्यकाल में कोई भी ऐसी परीक्षा नहीं हुई जो भ्रष्टाचार या धांधली की भेंट न चढ़ी हो। वहीं, छात्रसंघ बहाली की मांग करे छात्रनेता अजय सम्राट के नेतृत्व में अनशकारियों ने पेपर लीक की निंदा की।उधर, आइसा से जुड़े छात्रों ने परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी की। कहा कि सभी अभ्यर्थियों को मुआवजा दिया जाए। पेपर लीक नहीं सहेंगे, रोजगार का हक लेकर रहेंगे। पेपर आउट के जिम्मेदार शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें। इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश सचिव सुनील मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार परीक्षा कराने व रोजगार देने में फेल हो गई है। प्रदर्शन में मनीष कुमार, शिवम चौधरी आदि शामिल रहे।

## विश्व की सर्वश्रेष्ठ है भारतीय संस्कृति : जगदीश आर्य

प्रयागराज। आर्य समाज मंदिर चौक में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग आयोजित किया गया। इस अवसर पर आचार्य जगदीश आर्य ने कहा कि वैदिक संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है। हमें वेदों को आत्मसात करना चाहिए। वैदिक सनातन धर्म से भारत विश्वगुरू के कहलाया। अध्यक्षता कर रहे प्रधान रविन्द्र नाथ ने कहा कि भोगवादी पश्चिमी सभ्यता भारतीय संस्कृति व सभ्यता से मेल नहीं खाती। संचालन संजय सिंह, आभार अरूणेश जायसवाल ने ज्ञापित किया। पंकज जायसवाल, मुन्नी लाल चौरसिया, अभय जायसवाल, राधेश्याम आर्य, आदित्य अग्रवाल मौजूद रहे।

## कार्रवाई न हुई तो आंदोलन करेगी बसपा

प्रयागराज। फाफामऊ हत्याकांड पर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के ट्वीट के बाद बसपा नेता इस मामले पर सक्रिय हो गए हैं। रविवार को बसपा नेताओं ने बैठक कर कहा कि यदि पुलिस ने दलित हत्याकांड पर जल्द कार्रवाई नहीं की तो बसपा सड़क पर आंदोलन को मजबूर होगी। जिलाध्यक्ष अभिषेक गौतम ने कहा कि पीड़ित परिवार से रोज ही कोई न कोई बसपा नेता मिलने जा रहा है। सबसे पहले बसपा नेता बाबू लाल भंवरा ही परिवार से मिले थे। अब लोग इस पर राजनीति कर रहे हैं। बसपा न्याय दिलाना चाहती है। प्रशासन को चाहिए कि आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई करे। बाबू लाल भंवरा, अशोक गौतम, राकेश पासी आदि ने कार्रवाई की मांग की।

## एफएसएल जांच में शर्ट में खून की पुष्टि

प्रयागराज। पुलिस ने जब कैप्टन को पकड़कर आमने–सामने कराया तो उसने स्वीकार किया कि उसी ने मैसेज किया था। गंगे नाम के युवक ने उसको लड़की का नंबर दिया था। वर्तमान में गंगे पुणे में है। पुलिस की एक टीम गंगे को पकड़ने पुणे गई है। इसके अलावा पुलिस ने जब उसके घर की तलाशी ली तो उसके घर से खून लगा एक शर्ट मिला। एफएसएल की जांच में खून की पुष्टि हो गई। एडीजी की मानें तो 21 तारीख को चार लोगों की हत्या हो गई, इसकी जानकारी गांव में किसी को नहीं थी। सिर्फ पवन को पता था। इसलिए उसने 21 तारीख के बाद से कोई मैसेज नहीं किया। वैज्ञानिक साक्ष्यों से प्रतीत होता है कि पवन ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। वारदात में कौन–कौन लोग शामिल थे, इसकी जांच अभी चल रही है। आरोपी भी उसी विरादरी का है। ऐसे में इस मुकदमे से एससी–एसटी की धारा हट जाएगी।,

## पशु तस्करी में वांछित तीन आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर। नेवढ़िया पुलिस ने पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को रविवार की रात जेतपुरा के पास से गिरफ्तार कर लिया। तीनों का चालान कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने पिकअप वाहन से 11 मवेशियों को बरामद किया था। मके से तस्कर फरार हो गए थे। तभी से पुलिस को तीनों की तलाश थी। थानाध्यक्ष नेवढ़िया कमलेश कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि फरार पशु तस्कर जेतपुरा गांव के पास खड़े हैं। थानाध्यक्ष ने अपने हमराही के साथ जेतपुरा गांव पहुंचकर घेराबंदी की। जिसमें पुलिस ने तीन वांछित नीरज गोड़ पुत्र लालजी गोड़, सूरज गोड़ पुत्र लालजी गोड़ व कृष्णा पुत्र लालजी निवासी कोर्री थाना जलालपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# पवन को लिखना पढ़ना नहीं आता लेकिन करता था चौटिंग

प्रयागराज। एडीजी प्रेम प्रकाश, आईजी राकेश सिंह और डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने रविवार शाम प्रेस कांफ्रेंस करके मोहनगंज गोहरी में दलित दंपती बेटे और बेटी के हत्या का खुलासा किया। एडीजी ने बताया कि थरवई के कोरसंड गांव का पवन कुमार सरोज 18 सितंबर से बिटिया (दलित परिवार की मृतका) को कभी प्रधान तो कभी दबंग बनकर मैसेज करता था। पवन पढ़ालिखा नहीं है लेकिन गूगल वाइस टाइपिंग से चौट करता था। वह अक्षर पहचान जाता है। बिटिया ने उससे पूछा भी था कि वह कौन है तो कहता था कि जान जाओगी। 21 नंवबर की शाम छह बजकर 15 मिनट पर उसने आईलवयू और फूल भेजा था। इसको पढ़कर बिटिया ने आईहेटयू का मैसेज किया। इसके बाद से कोई चौटिंग नहीं हुई। शक के आधार पर पुलिस ने पवन को पकड़ा तो उसने पुलिस की जांच में सहयोग नहीं किया। पहले कहा कि उसके साथी कैप्टन ने मैसेज किया था।

# जौनपुर में साढ़े तीन लाख छात्र छात्राओं को मिलेगा टैबलेट और स्मार्ट फोन

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ की महत्वाकांक्षी योजना के तहत 12वीं में 65 फीसद से अधिक अंक पाने वाले जौनपुर के लगभग साढ़े तीन लाख छात्र–छात्राओं में टैबलेटव स्मार्ट फोन का वितरण किया जाना है। इसको लेकर चार तहसीलों में सेंटर स्टोर बनाया गया है।जिसकी रखवाली सीसीटीवी व पुलिस कर्मियों के जरिए की जाएगी। इसके साथ ही आने के बाद इन उत्पाद की एक फीसद रैंडम जांच की जाएगी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार युवाओं में तकनीकी सशक्तीकरण के लिए प्रदेश शासन ने टैबलेट–स्मार्ट फोन देने का निर्णय लिया है। इसको लेकर कालेजों में शैक्षणिक संस्थानों से फार्म आनलाइन फीडिंग कराई जा रही है। महावद्यिालयों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं में स्मार्ट फोन व टैबलेटका वितरण किया जाना है। शासन स्तर से जिले में साढ़े तीन लाख लाभार्थियों में लैपटाप का वितरण किया जाना है। अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय ने बताया कि दिसंबर के प्रथम सप्ताह में चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। इसके बाद टैबलेटआने के बाद तहसीलों में सेंट्रल स्टोर बनाया जाएगा। इसके साथ ही एक फीसद टैबलेटकी रैंडम चेकिग की जाएगी। श्री राय ने बताया कि टैबलेटस्टोरेज के लिए स्ट्रांग रूम तहसील केराकत, मछलीशहर, मड़ियाहूं, सदर में बनाए जाएंगे, जहां सीसीटीवी, गार्ड की व्यवस्था करने का नर्दिश उपजिलाधिकारी को दिया गया है। टैबलेटवितरण के लिए प्रत्येक स्कूल में नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे।

# यूपी चुनाव से पहले योगी के कंधे पर हाथ रखकर मोदी ने दिया बड़ा संदेश



संवाददाता,गोरखुपुर अगले साल 2022 की शुरुआत में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होना है, विभिन्न राजनीतिक दलों की नजरें ही नहीं, बल्कि उनकी सम्पूर्ण ताकत इन चुनावों में लगी है। दोबारा सत्ता में भाजपा के सूरज उगाने के लिए भाजपा कई रणनीतियों पर एक साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक तस्वीर इन दिनों मीडिया एवं सोशल मीडिया पर छायी हुई है, जो आगामी उत्तर प्रदेश के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री उम्मीदवार से जुड़ी अटकलों का जवाब बनी है। न केवल मुख्यमंत्री उम्मीदवार बल्कि उत्तर प्रदेश की भावी तस्वीर कैसी हो, इसका भी जवाब बनी है। मोदी का हाथ योगी के कंधे पर रखकर चलने वाली इस तस्वीर ने योगी एवं मोदी के संबंधों को भी स्पष्ट कर दिया है। इस एक तस्वीर ने बहुत कुछ कह दिया गया है, कुछ बाकी रहा जो योगी ने इन शब्दों में बयां कर दिया कि हम निकल गए हैं प्रण करके, अपना तन-मन अर्पण करके, जिद है एक सूर्य उगाना है, अंबर से ऊंचा जाना है, एक भारत नया बनाना है।' लगता है सूरज उगाना एवं नया भारत बनाना-उत्तर प्रदेश चुनावों में भाजपा का संकल्प होगा। यह तस्वीर न केवल भाजपा की उत्तर प्रदेश में भावी रणनीति को स्पष्ट कर रही है बल्कि अनेक शंकाओं का निदान एवं संभावनाओं को भी बयां कर रही है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिन के लखनऊ में प्रवास पर आना एवं रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी के साथ एकांत में कंधे पर हाथ रखे बातचीत करते नजर आना एवं शाम को एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ मुलाकात की तस्वीर का सामने आना- आगामी चुनाव की रणनीति को स्पष्ट करता है।

मोदी के साथ योगी-केशव की आई तस्वीर यूपी में बीजेपी के भविष्य के राजनीति को बयां करने वाली बताई जा रही जा रही है। अगले साल 2022 की शुरुआत में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होना है, विभिन्न राजनीतिक दलों की नजरें ही नहीं, बल्कि उनकी सम्पूर्ण ताकत इन चुनावों में लगी है। दोबारा सत्ता में भाजपा के सूरज उगाने के लिए भाजपा कई रणनीतियों पर एक साथ काम कर रही है। इस बार पार्टी का फोकस उन विधानसभा सीटों पर है जिन पर 2017 के चुनाव में उसके प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में 403 सीटों में से 325 पर जीत हासिल की थी। उसे 78 सीटों पर पराजय का मुंह देखना पड़ा था। प्रश्न है कि क्या इस बार भी इतने प्रचंड सीटों के साथ भाजपा अपने सिर पर जीत का सेहरा बांध पायेगी? भाजपा का तर्क है कि प्रचंड लहर की स्थिति में जो प्रत्याशी नहीं जीत पाए थे उनका अगले चुनाव में जीतना मुमकिन नहीं है। इसलिए उन 78 प्रत्याशियों को टिकट नहीं दिया जाएगा, जो 2017 के चुनाव में हार गए थे। गौरतलब है कि भाजपा ने 2017 चुनाव के तत्काल बाद उन 78 सीटों की समीक्षा की थी, जहां उसे हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा संगठन ने समीक्षा में पाया था कि कई जगह प्रत्याशी का व्यक्तिगत प्रभाव, कई स्थानों पर प्रत्याशी की जाति का प्रभाव और कुछ जगह अन्य वजहों से हार हुई थी। इस चुनाव में पिछले चुनाव की तुलना में सबसे खास बात योगी आदित्यनाथ हैं। 2017 में बीजेपी के पास राज्य में पहले से कोई मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं था लेकिन इस बार योगी आदित्यनाथ का चेहरा है, जिनके पास सरकार को करीब पांच साल चलाने का अनुभव भी है और कुछ अनूठे संकल्प हैं।

योगी ने नया सूरज उगाने की बात की है। सूरज एक ऐसा भूमण्डीय नक्षत्र है जो संपूर्ण सृष्टि का संचालन करता है। सूरज की ऊर्जा, ताप और प्रकाश जीवन की एक सार्थक व्याख्या है, क्योंकि बिना ऊर्जा के निष्प्राण चेतना मृत्यु है। बिना ताप के विकास की यात्रा निरुउद्देश्य है। बिना प्रकाश का जीवन घुप अंधेरों में डूबा मौन सन्नाटा है। अतः प्रकाश में ही हम जागती आंखों से सत्य की तलाश करते हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश के आंगन में सूरज का उतरना बुनियादी जरूरत है। इसकी अगवानी प्रदेश को गतिशीलता, तेजस्विता, कर्मशीलता देगी। प्रदेश के लिये सुखद जीवन, अपराध मुक्त परिवेश का सबब बनेगी। इस मायने में यह एक शुभ शुरुआत है। वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश चुनावों में यह भी तय है कि समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी अलग-अलग चुनाव मैदान में होगी, दोनों दलों ने पिछला विधानसभा चुनाव भी अलग-अलग ही लड़ा था, लेकिन 2019 का आम चुनाव दोनों दलों ने एक साथ लड़ा था। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का समाजवादी पार्टी से गठबंधन था लेकिन इस बार यह मुश्किल लग रहा है। इस बार उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का चेहरा प्रियंका गांधी हैं और असदुदीन ओवैसी भी चुनाव मैदान में होंगे। ये सभी चुनावी समीकरण भाजपा के लिये शुभ हैं।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत 27 नवम्बर को सभी बूथों पर होगा विशेष अभियान का आयोजन

## सभी बूथों पर बीएलओ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश



हमीरपुर। जिलाधिकारी डा. चंद्र भूषण ने जनपद वासियों को एक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारियों के दृष्टिगत संपूर्ण नवंबर माह में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य संचालित किया जा रहा है। जिसमें लोगों के नाम जोड़ने, संशोधित करने, मृतकों के नाम काटने का कार्य चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कल 27 नवंबर को सभी बूथों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण का विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इस पुनरीक्षण अभियान में ऐसे सभी लोग जिनकी 1 जनवरी 2022 को उम्र 18 वर्ष हो रही है या उससे अधिक हो रही है और उनका मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं है। वह इस विशेष अभियान के कैंप में अपने संबंधित बूथ पर जाकर बीएलओ से फार्म लेकर अपना नाम सूची में अवश्य दर्ज करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष अभियान के दिन सभी बीएलओ अनिवार्य रूप से अपने संबंधित बूथ पर उपस्थित होकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य संपादित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संपूर्ण जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डा. चंद्र भूषण के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में स्वीप के प्रभारी अधिकारी/अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जनपद के विभिन्न विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज उच्च प्राथमिक विद्यालय नवैनी, उच्च प्राथमिक विद्यालय अमूंद, उच्च प्राथमिक विद्यालय बंगरा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रावतपुरा के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया तथा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय बड़ा खरका, प्राथमिक विद्यालय पवई, प्राथमिक विद्यालय करगवां, प्राथमिक विद्यालय सरसई के छात्र छात्राओं ने भी मतदाता जागरूकता विषयक पोस्टर बनाए। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय त्यौतना एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रावतपुरा के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता विषयक रंगोली बनाई।

## अज्ञात चोरो के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज

कुरारा-हमीरपुर। कस्बा कुरारा के वार्ड चार विद्युत उपकेंद्र के पीछे रहने वाली महिला के घर में घुसकर बुधवार की रात अज्ञात तीन चोरो ने कुल्हाड़ी महिला के गले मे लगाकर जान से मारने धमकी देकर नकदी सहित जेवर आदि चोरी करके ले गए। वही महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के वार्ड चार निवासी महिला रेखा पत्नी रघुलेश सोनकर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात एक बजे के लगभग अज्ञात तीन लोग मुँह में कपड़ा बांधकर मकान के अंदर घुस आए। तथा डेढ़ साल की बच्ची के साथ सोते समय गर्दन में कुल्हाड़ी लगाकर कहा कि शोर किया तो जान से मार दूंगे। तथा अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखे 12500 रुपया नकद, 2 सौ ग्राम चांदी की तोड़िया, बिछिया 5 तोला, ले गए तथा धमकी देकर भाग गए।

## पति पर अप्राकृतिक दुराचार तथा देवर पर बलात्कार का आरोप

संवाददाता, गोरखपुर। गोरखपुर के थाना-खोराबार जिला गोरखपुर निवासी एक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर को बजरिये आईजीआरएस भेजकर पति तथा देवर पर प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगायी है रंजू ने अपने पत्रक में लिखा है कि हम प्रार्थिनी व हमारे ससुराल के लोगों से दहेज की मॉग को लेकर विवाद चल रहा था जिसके कारण हम प्रार्थिनी अपने माता पिता के घर ग्राम मठसुरजगिरी थाना-हाटा जनपद-कुशीनगर में रह रही थी।

हम प्रार्थिनी व हमारे ससुराल के लोगों के बीच सुलह की बातचीत के बाद दिनांक 25.10.2021 को दिन में 10.00 बजे हम प्रार्थिनी अपने पति के साथ रहने के लिये ससुराल आयी।

हम प्रार्थिनी के ससुराल के लोगो का व्यवहार एक दो दिन ठीक था उसके बाद पुनः हम प्रार्थिनी को तरह तरह से मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। हमारे पति धर्मवीर चौहान शराब पीकर हमारे साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक दुराचार करने लगे और हम प्रार्थिनी द्वारा मना करने पर हमको भद्दी भद्दी गालियां देते हुये मारने पीटने लगे। हमारे देवर गोलू चौहान पुत्र बहादुर चौहान बार बार हम प्रार्थिनी की इज्जत उतारने की धमकी देते थे। इस बीच दिनांक 30.10.2021 को समय लगभग 12.00 बजे दिन में मौका पाकर घर में ही हमारे साथ जबरदस्ती बलात्कार किये। उक्त बातें जब हम अपने पति धर्मवीर चौहान व सास दुर्गावती देवी से बतायी तो यह लोग नाराज हो गये और धर्मवीर चौहान पुत्र बहादुर चौहान, बहादुर चौहान पुत्र जंगली चौहान, दुर्गावती देवी पत्नी बहादुर चौहान, सरोज व संगीता पुत्रीगण बहादुर चौहान, गोलू चौहान पुत्र बहादुर चौहान हमको भददी भददी गालिया देते हुये बुरी तरह से मारे पीटे तथा हम प्रार्थिनी को भूखे प्यासे कमरे में बंद कर दियें तथा हमको जान से मारने की बात आपस में कर रहे थे। हम प्रार्थिनी अपने ससुराल के लोगों के शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर दिनांक 19.11.2021 को समय लगभग 6.00 बजे शाम को मौका पाकर अपने माता पिता के घर चली आयी तब जाकर किसी तरह से हमारी जान बची।

हम प्रार्थिनी उक्त घटना की सूचना थाना खोराबार में दिया परन्तु अब तक कोई कार्यवाही नही हुई। एसएसपी गोरखपुर से एफआईदर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगायी है।

## अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ टक्कर मार देने का मुकदमा दर्ज

कुरारा-हमीरपुर। थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी युवक ने बाइक सवार द्वारा सड़क पार करके घर जाते समय टक्कर मार कर घायल कर दिया।

वही पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र छोटेलाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 20 अक्टूबर 21 को शाम पांच बजे मेरे पिता छोटेलाल हाइवे में बने डिवाइडर को पार करके अपने घर की तरफ जा रहे थे। तभी कुरारा से हमीरपुर की तरफ जा रहे अज्ञात बाइक चालक ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उन्हें टक्कर मार दी।

जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। उनको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए।

वहां से कानपुर रिफर कर दिया। जहां इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अधिवक्ता ने लगाया पुलिसिया उत्पीड़न का आरोप

## बहू उत्पीड़न से ससुर पति दर दर की खा रहे ठोकर, पीड़ित ने प्रशासनिक अधिकारियों से न्याय मॉगा

संवाददाता,

गोरखपुर।दीवानी कचहरी गोरखपुर में 40 वर्ष से अधिवक्ता पेशे से जुड़े अधिवक्ता फौजदार शाही पुत्र रामसरन, नि0–115 रूस्तमपुर, थाना–कैन्ट जनपद गोरखपुर ने बजरिये आईजीआरएस ईमेल प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी बहू उसके परिजनो तथा पुलिस उत्पीड़न से मुक्ति के लिये प्रार्थना पत्र बजरिये आईजीआरएस ईमेल द्वारा भेजा है जिसमें उन्होने लिखा है कि वे दीवानी कचहरी गोरखपुर में 40 वर्ष से वकालत पेशा करते हैं एवं एक वृद्ध एवं कानूनप्रिय व शांतिप्रिय व्यक्ति है। उनके पुत्र सूर्य प्रताप की शादी बिला दहेज के निर्मला पुत्री स्वरूपचन्द निवासी सेवई बाजार,थाना–बेलीपार गोरखपुर (उ0प्र0) से दिनांक 7 मई 2021 को शादी हुई एवं 8 मई 2021 को निर्मला बिदा होकर हमारे घर आयी और दाम्पत्य संबंधो का निर्वहन करने लगी। महज 30 दिन मेरे घर पर रही इस दरम्यान वह निरन्तर अपने मोबाइल से किसी से वार्ता करती रहती। मेरे पुत्र द्वारा पूछने पर कोई संतोषप्रद जवाब नही देती। कि इसी बीच दिनांक 11 जून 2021 को प्रातः 9.00 बजे निर्मला का भाई चंदन अपने माता पिता सहित 10–12 गुन्डो को लेकर हमारे घर पर आये आते ही बिला वजह गाली गुप्ता देने लगे और शादी में निर्मला को मिले हुये संपूर्ण उपहार स्वरूप सामान जेवरात, कपड़े (जो वर पक्ष से दिये गये थे )सब लेकर मेरी बहू निर्मला को जबरन खींचकर अपने साथ लेते गये।

मेरा पुत्र दिनांक 15 जुलाई 2021 को जब मेरा पुत्र सूर्यप्रताप काम पर चला गया था तो निर्मला की माता पिता व भाई चंदन बहन सुशीला आदि आये और शेष बचा सामान लूट व चोरी कर निर्मला को लेकर भाग गये। पुनः निर्मला को बुलाने ससुराल गया तो उसकी मॉ तथा बहन सुशीला ने कहा कि उसका बच्चा गिरवा दिया गया है अब निर्मला तुम्हारे घर नही जायेगी। ज्ञात हुआ कि निर्मला आजाद ख्याल की महिला है तथा उसके मायके में ही किसी युवक से उसका अवैध संबंध है। घटना की सूचना प्रार्थी के पुत्र द्वारा दिनांक 13.09.2021 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गयी परन्तु कोई कार्यवाही नही हुई। तब प्रार्थी के पुत्र ने माननीय पारिवारिक न्यायालय गोरखपुर में बिदाई का दावा दिनांक 28.09.2021 को किया जिसके नोटिस मिलने पर मेरी बहू निर्मला, उसकी माता, उसके पिता, उसका भाई चंदन, उसकी बहन सुशीला ने स्थानीय पुलिस बेलीपार को अपने पक्ष में करके कूटरचना और षडयंत्र करना प्रारंभ किया इसी तारतम्य में मोबाइल 8840002586 से हमारे मोबाइल नम्बर–9956506015 पर फोन आया तथा मुझसे कहा कि मै बेलीपार थाने का सिपाही राजकुमार यादव बोल रहा हूॅ तुम्हारे घर आया हूॅ थाने पर चले आओ।

दिनांक 07.09.2021 से उक्त सिपाही ने उसी मोबाइल से गाली और धमकी दिया उसी मोबाइल से 08.09.21 को भी फोन कर प्रार्थी की पत्नी को अश्लील गाली देते हुये धमकी दिया कि मै तुम लोगों का नौकर नही हूॅ कि तुम सालो के घर आऊं तुम्हारे पति वकील को घर से घसीटते हुये थाने पर ले आउंगा।

वही दूसरी ओर दिनांक 21.10.21 को 9916474263 से मेरे उक्त मोबाइल पर फोन आया कि तुम्हारे खिलाफ मुकदमा वारंट है महिला थाने चले आओ नही तो गिरफ्तार कर जेल भेज देगें। वहीं दिनांक 1.11.21 को लगभग 6.00 बजे शाम को पैडलेगंज चौकींइचार्ज थाना कैन्ट कमलेश यादव एक सिपाही के साथ हम प्रार्थी के घर में घुस आये और हमे तथा हमारे पुत्र को खोजने लगे हमारी पत्नी को कहे कि दोनो को पैडलेगंज चौकी पर भेज दो नही तो संगीन जुर्म में मुकदमा दर्ज करवाकर इनकाउंटर करवा देगें। तथा घर में रखे सामानो को इधर उधर फेंक दिये तथा घर में लगे महापुरूषो डा0 भीमराव अम्बेडकर व वीर एकलब्य व महाराजा निषाद राज का फोटो गाली देते हुये फाड़ दिये। पुनः दिनांक 18.11.21 को थाना कैन्ट सिपाही रामानन्द सागर मो0 8299213803 घर पर 11.30 बजे गया तथा कहा गेट खोलो घर का जांच करेगें तथा घर भर को जेल में बंद करेगें। इस प्रकार का भिन्न भिन्न नम्बरो से भिन्न भिन्न थानो के कर्मियों द्वारा निरन्तर उत्पीड़न व प्रताड़ना, गाली गलौज दी जाती रही है और दी जा रही है।

शाही ने आगे लिखा है कि अपना मुकदमा न दर्ज होने पर दिनांक 18.09.2021 को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी महोदय के न्यायालय में धारा 156 (3) द0प्र0सं0 का वाद महिला थाना गोरखपुर से आख्या तलब करने व मुकदमा दर्ज करने हेतु तथा 29. 10.21 को न्यायालय सिविल जज जू0डि0एफटीसी के यहां धारा 156 (3) द0प्र0सं0 का वाद थाना कैन्ट में मुकदमा दर्ज करने व आख्या तलब करने हेतु प्रस्तुत की गयी है दोनो ही स्थानों से अभी तक आख्या माननीय न्यायालय को प्रेषित नही की गयी हैं। शाही ने अधिकारीगणो से मामले की जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों एवं अपने बहू तथा उसके परिजनो पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगायी है।

# सफर हुई आसान सिर्फ 2 घण्टे पूरी होगी कुशीनगर से दिल्ली का सफर





संवाददाता, गोरखपुर। बुद्धभूमि के रूप में सांस्कृतिक समृद्धता के बावजूद कुशीनगर का नाम पूर्वांचल के सबसे पिछड़े जिलों में गिनती होता रहा है । 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने यहां बुनियादी सुविधाओं को तो मजबूत किया ही, इसके ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए विकास की नई संभावनाओं को भी तलाशा और मूर्त रूप देने के लिए सही समय का चयन कर सौगात जनता के बीच प्रस्तुत कर ही दिए कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात भी इन्हीं संभावनाओं को मूर्त रूप देने की दिशा में बड़ा कदम है। कुशीनगर एयरपोर्ट ने न केवल इस जिले, बल्कि आसपास के जिलों और सीमावर्ती बिहार के लोगों की सुगम हवाई यात्रा का मार्ग प्रशस्त किया है बल्कि पर्यटन विकास और निवेश के नए द्वार भी खोल दिए हैं।

पहली पैसेंजर फ्लाइट दिल्ली और कुशीनगर के बीच होगी। इस यात्रा में महज डेढ़ से दो घंटे का समय लगेगा दिल्ली से कुशीनगर और कुशीनगर से दिल्ली के बीच यह सेवा सप्ताह में चार दिन, सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध होगी।

दिसंबर माह में कुशीनगर से कोलकाता और मुंबई के लिए भी हवाई सेवा के लिए स्पाइस जेट ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मंजूर शेड्यूल जारी कर दिया है। कोलकाता के लिए 17 दिसंबर और मुंबई के लिए 18 दिसंबर से उड़ान शुरू होगी। स्पाइस जेट का विमान 17 दिसंबर को दोपहर में 1:35 बजे कोलकाता से उड़ान भरकर अपराह्न 3रू20 बजे कुशीनगर पहुंचेगा। 3रू40 बजे कुशीनगर से उड़ान भरकर वापसी शाम 5रू15 बजे कोलकाता में होगी।

कुशीनगर–कोलकाता के बीच हवाई सेवा सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार व शुक्रवार के लिए होगी। इसी तरह 18 दिसंबर को मुंबई से स्पाइस जेट का विमान दोपहर 12रू10 बजे से उड़ान भरकर अपराह्न 2रू25 बजे कुशीनगर पहुंचेगा। कुशीनगर से मुंबई की वापसी उड़ान अपराह्न 3रू00 बजे से होगी। वापसी की फ्लाइट शाम 5रू35 बजे मुंबई पहुंचेगी। कुशीनगर व मुंबई के बीच उड़ान की सुविधा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार व शनिवार को उपलब्ध होगी।

# मां ने लगाया रेप का आरोप, उच्चाधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

## नाबालिग से बलात्कार करने का आरोप

## पीड़ित माता ने प्रशासन का दरवाजा खटखटाया

संवाददाता, गोरखपुर। राजकुमारी देवी पत्नी स्व0 गुलाब निवासिनी ग्राम–पिपरा पाण्डेय थाना–उरूवा बाजार जिला गोरखपुर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर को पत्रक देकर प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगायी है उसने अपने पत्रक में लिखा है कि 24/25.11.2021 की रात लगभग 12. 00 बजे हमारी नाबालिग लड़की शौच के लिये घर से बाहर निकली उसी समय हमारे बगल के अजय पुत्र रामकेवल नि0ग्रा0–पिपरा पाण्डेय थाना–उरूवा बाजार जिला गोरखपुर उसे जबरदस्ती पकड़ लिये और उसका मुंह दबाकर बगल के अपने खाली घर में ले गये और उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किये।

हमारी लड़की कु0 रिंकी के चिखने चिल्लाने व शोर मचाने पर हम प्रार्थिनी व हमारी बहू कंचन देवी तथा हमारा लड़का अनताब दौड़कर गये और उक्त घटना को देखे तथा अजय को पकड़ना चाहे तो वह भद्दी भद्दी गालियां देते हुये तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। हम प्रार्थिनी उक्त घटना की सूचना तत्काल थाना उरूवा बाजार में जाकर दिया परन्तु अब तक कोई कार्यवाही नही हुई है एसएसपी से प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगायी है।

## सुजुकी मोर्टस प्राइवेट लि0 के लिए साक्षात्कार 03 दिसम्बर को

अमठी,संवाददाता। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई आर0एस0 यादव ने अवगत कराया है कि 03 दिसम्बर 2021 को आई0टी0आई0 परिसर में सुजुकी मोर्टस प्राइवेट लि0 (गुजरात प्लान्ट) में कार्य करने हेतु कैम्पस साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा। उन्होने कहा है कि साक्षात्कार में इलेक्ट्रीशियन, फिटर टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर मैकेनिक व्हीकल, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक ट्रैक्टर पेन्टर के लिए वर्ष 2015 से 2020 तक आईटीआई की परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा आयु 18 से 23 वर्ष के मध्य हो प्रतिभाग कर सकते है।

# संविधान के मार्गदर्शन में आधुनिक भारत का निर्माण किया जा सकता थ : ई0 आनंद कुमार

संवाददाता, गोरखपुर। संविधान दिवस समारोह के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अम्बेडकरवादी बहुजन स्वाभिमान समिति, गोरखपुर के तत्वावधान में स्थान– पोखरा टोला शिवपुर शहबाजगंज (पादरी बाजार), गोरखपुर स्थित डा० अम्बेडकर मूर्ति प्रांगण में 72 वां ष्संविधान दिवसष् बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश तथा विशिष्ट अतिथि– इं0प्रमोद गौतम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्र0अखिलेश कुमार तथा संचालन विजय कुमार व्यास ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समिति के महामंत्री इं0आनन्द कुमार ने कहा कि ष्डॉ. आंबेडकर ने संविधान के सदस्य और ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में भारत को एक ऐसा संविधान सौंपा था, जिसके मार्गदर्शन में आधुनिक भारत का निर्माण किया जा सकता है, लेकिन जैसा कि उन्होंने कहा था कि यह सब कुछ संविधान का इस्तेमाल करने वालों की मंशा पर निर्भर करता है। पिछले 72 वर्षों में निरंतर इसकी पुष्टि भी हुई है। ये



72 साल संविधान के बेहतर से बेहतर और बदतर से बदतर इस्तेमाल के साक्षी हैं। इसें हम आज के परिदृश्य में भी समझ देख सकते हैं।ष

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के रामविलास कन्नोजिया, शैलेश कुमार,सुबोध राम, दूधनाथ, एड०विनय कुमार गौतम, बृजभान गौड़, कर्ण कुमार, वरूणानिधी,अनिल कुमार, मुकेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके अलावा कार्यक्रम में सविता, किरनमाला, अरविंद, शक्ति प्रसाद, अजय कुमार, दिवस कुमार, ओमवीर, सिकन्दर, सुरेन्द्र, आलोक, अंश, रोहन, देश दीपक, किशोर आदि अनेकों महिलाओं तथा पुरूषों की भी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी लोगों को समिति के अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इस अवसर पर समिति द्वारा मिष्ठान का भी वितरण किया गया।

# भाजपा संविधान दिवस मनाने की अधिकारी नहीं, कार्यक्रम का बहिष्कार करेगी बीएसपी : मायावती



लखनऊ,संवाददाता। संविधान दिवस पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। मायावती ने कहा कि देश में आज संविधान का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसी सरकारों को संविधान दिवस मनाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि दलित और आदिवासी समाज आज भी वंचित है। इसलिए, बसपा ने संविधान दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि एससी,एसटी व ओबीसी वर्गों का ज्यादातर विभागों में आरक्षण का कोटा अधूरा पड़ा है। इनके लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई है। केंद्र और राज्य सरकारें कानून बनाने के लिए तैयार नहीं है। बीएसपी प्रमुख ने कहा कि आज किसान आंदोलन का भी एक साल पूरा हो गया है। केंद्र सरकार ने तीन कृषि कानूनों को तो वापस लिया है, जो उचित है। अब अन्य मांगों को भी मान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान में देश के कमजोर और उपेक्षित वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया है। खास तौर पर शिक्षा और सरकारी नौकरियों के क्षेत्र में। हालांकि, उसका पूरा लाभ इन वर्गों के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर हमारी पार्टी बहुत ज्यादा दुखी है। उन्होंने कहा कि सपा जैसी पार्टियों से जरूर सावधान रहना चाहिए, जिसने एससी और एसटी से संबंधित बिल को सांसद में फाड़ दिया था। गरीब वर्गों के लोगों का आज भी अपने हक के लिए सड़कों पर धरना प्रदर्शन जारी है। केंद्र और राज्य सरकारें प्राइवेट सेक्टरों में आरक्षण के मामले को लेकर तैयार नहीं है।

क्या केंद्र और राज्य सरकारें संविधान का पालन कर रही है? ऐसी सरकारों को आज इस मौके पर इन वर्गों के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। मायावती ने कहा कि देश में आए दिन गरीबी और महंगाई बढ़ रही है, इससे मध्यम वर्ग के लोग बहुत ज्यादा दुखी हैं। केंद्र व राज्य सरकार इस बात की गहन समीक्षा करें कि क्या सरकार भारतीय संविधान का पूरी ईमानदारी से पालन कर रही? बहुजन समाज पार्टी ने केंद्र व राज्य सरकार की इस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेने का फैसला लिया है।

# जो परिवार नहीं चला सकते वे प्रदेश चलाने का सपना देख रहे : स्वतंत्र देव

लखनऊ,संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार में आतंक और भय का राज होने तथा मौजूदा योगी सरकार में उत्तर प्रदेश को सुशासन मिलने की दलील देते हुए कहा है कि प्रदेश में 'सैंफई खानदान' का राज देख चुकी जनता अपने परिवार को भी संभालने में नाकाम रहे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के फिर से सत्ता में आने के सपने को पूरा नहीं होने देगी। सिंह ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में पिछली अखिलेश सरकार और वर्तमान योगी सरकार के कामों की तुलना करते हुये कहा कि तब और अब में फर्क साफ दिखता है।



पहले प्रदेश में भय, भ्रष्टाचार और आतंक का राज था जिसका मकसद सिर्फ सैंफई खानदान के लिये अकूत संपत्ति एकत्र करना था। उन्होंने कहा कि सत्ता से बाहर होते ही प्रदेश की जनता ने देखा कि अखिलेश तो अपना परिवार भी चलाने में सक्षम नहीं हैं और प्रदेश चलाने का फिर से सपना देखने लगे। सिंह ने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में न सिर्फ अपराधी तत्वों का सफाया हुआ है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था अप्रत्याशित रूप से सुदृढ़ होने के कारण आम आदमी के जीवन स्तर में तेजी से सुधार भी आया है। इससे प्रदेश में कानून का राज कायम होने की बात साफ तौर पर महसूस की जाने लगी है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के ऐतिहासिक कामों की वजह से प्रदेश में सुशासन को महसूस कर रही जनता पिछली सरकारों के अनुभव से तुलना कर एक बार फिर भाजपा की सरकार बनवाने के लिए संकल्पबद्ध हो चुकी है।

# पूर्व प्रमुख सचिव गृह के नाम से रुपयों की मांग

## साइबर ठग फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल बना परिचितों को भेज रहा मैसेज

लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ साइबर सेल में यूपी के पूर्व प्रमुख सचिव, गृह आरएम श्रीवास्तव ने उनके नाम पर साइबर ठगी होने की शिकायत दर्ज कराई है। किसी ने उनके नाम से



फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर परिचितों से पैसा मांग रहा है। साइबर टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश कर पैसा मांगने वाले नंबर को सर्विलांस पर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। साइबर सेल के मुताबिक साइबर ठग सेवानिवृत्त आईएएस के परिचितों को बुधवार रात से मैसेज भेजकर अलग–अलग रकम की डिमांड कर रहा है। जिसकी उन्हें गुरुवार को एक रिश्तेदार के फोन आने पर हुई। जिस नंबर से फर्जी प्रोफाइल बनाई गई है वह तमिलनाडु का नंबर है। इसके चलते नंबर को सर्विलांस पर लेकर उसकी डिटेल खंगाली जा रही है। साइबर ठग सेवानिवृत्त आईएएस आरएम श्रीवास्तव के नाम से उनके रिश्तेदारों को मैं शहर से बाहर हूं और तत्काल कुछ रुपये की सख्त जरूरत है...का मैसेज भेज रहे है। जिसकी जानकारी पर उन्होंने साइबर सेल में संपर्क कर शिकायत की। पिछले महीने साइबर ठगों ने पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह से भी बैंक कर्मी बनकर ठगी का प्रयास किया था। उन लोगों ने उन्हें केवाईसी के नाम पर फोन कर बैंक खाते की जानकारी का प्रयास किया था। डीजीपी ने जालसाज की फटकार लगाकर गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, पिछले साल प्रमुख सचिव आरके तिवारी के भी फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर ठगी का प्रयास किया गया था। जिसमें अक्टूबर 2020 में दो साइबर ठग मथुरा से गिरफ्तार हुए थे।

## शादी समारोह में शामिल होने जा रहे परिवार के साथ हुयी टप्पेबाजी–गायब हुआ गहनों से भरा बैग

लखनऊ,संवाददाता। शादी समारोह में शामिल होने के लिए एयरपोर्ट के निकट नादरगंज से ऑटो बुक कराकर चारबाग़ के लिए निकले परिवार के साथ रास्ते मे टप्पेबाजी हो गयी। पीड़ित परिवार के अनुसार वे बहराइच में एक शादी समारोह में जा रहे थे। उसी ऑटो में आलमबाग बस अड्डे से एक महिला भी ऑटो में आकर बैठ गयी ,जो भीख मांगने वाली जैसी लग रही थी, दूसरे अन्य बैग के साथ एक बैग में नगदी और गहने भी थे।

# विधान सभा चुनाव से पहले ठाकुरगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## पुराने लखनऊ में पुलिस ने किया अवैध असलहा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

## एक देसी रिवाल्वर चार देसी तमंचों के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ कमिश्नरेट की ठाकुरगंज पुलिस को आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पुराने लखनऊ में नाजायज असलहों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। ठाकुरगंज पुलिस ने अवैध असलाहो का कारोबार करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देसी रिवाल्वर और चार देसी तमंचे बरामद किए हैं। एडीसीपी पश्चिम चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर ठाकुरगंज पुलिस ने गुलाला घाट मोड़ के पास से दो युवकों को गिरफ्तार कर जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 32 बोर का एक देसी रिवाल्वर और 315 बोर के चार देसी तमंचे बरामद हुए। असलहों के साथ गिरफ्तार किए गए प्रभात पुरम रहीम नगर डूडाली फैजुल्लागंज मड़ियाव के रहने वाले कौशल किशोर सिंह और श्रीनगर कॉलोनी मड़ियांव के रहने वाले हसनैन अली उर्फ मुन्ना प्रिंस के अपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है उन्होंने बताया कि पुलिस की कोशिश है कि अपराध की घटनाओं पर रोक लगाई जाए और अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर शिकंजा कसा जाए। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों से अल्प समय में जो पूछताछ की गई है उसके आधार पर कुछ लोगों के नाम प्रकाश में आए हैं जिनके बारे में पता लगाया जा रहा है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

हालांकि पुलिस अभी फिलहाल यह पता नहीं लगा पाई है कि अवैध असलहों की तस्करी करने वाले इन तस्करों के पास इतनी बड़ी संख्या में अवैध असलहे कहां से आए। चुनाव से पहले राजधानी लखनऊ में अवैध असलहों बड़ी खेप बरामद होना पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी तो है ही साथ ही पुलिस के लिए यह चिंता का विषय भी है कि चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की राजधानी में नाजायज असलहों का कारोबार किया जा रहा था। अक्सर यह देखा जाता है कि पुलिस अवैध असलहों के साथ अपराधियों को पकड़ती है और जेल भेज देती है लेकिन यह कम ही पता चल पाता है कि अवैध असलहों के साथ जो व्यक्ति पकड़ा गया उसके पास अवैध असलहा कहां से आया यानी पुलिस अपराध को खत्म करने का प्रयास तो कर रही है लेकिन अपराध की जड़ में पहुंच कर अपराध को जड़ से नेस्तनाबूद करने के लिए पुलिस फिलहाल एक्टिव नजर नहीं आ रही है।

हालांकि एडीसीपी का कहना है कि अवैध असलहो के साथ गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों के बारे में यह पता चला है कि यह लोग गैर जनपद से नाजायज रहे असलहे लाए थे यह नहीं पता चला है कि गैर जनपद में असलहे इन तस्करों को अवैध असलहे इतनी भारी संख्या में किसने उपलब्ध कराए थे। चिंता की बात है क्योंकि पुलिस ने आज 5 नाजायज असलहे बरामद किए हैं यदि पुलिस यह असलहे बरामद न कर पाती और यह असलहे गलत हाथों में चले जाते तो यह पांच असलहे कितनी जानो के दुश्मन बन सकते थे इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है। बहरहाल पुलिस की इस कामयाबी को हल्के में लेने का सवाल ही पैदा नहीं होता क्योंकि पुलिस ने चुनाव से पहले राजधानी लखनऊ में नाजायज असलहों का जखीरा पकड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है उससे अवैध असलहों की तस्करी करने वालों की कमर जरूर टूटेगी।

# पीएम मोदी से किसान हितैशी तीनों कृषि बिल की वापसी पर पुनर्विचार करने की अपील

लखनऊ। राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास यादव ने वक्तब्य जारी कर कहा कि देश के संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से किसान हितैशी तीनों कृषि बिल को वापसी पर पुनर्विचार करने की अपील की है उन्होने कहा कि टिकैत एवं उनके साथ शामिल कथित किसान नेता एवं विपक्षी पार्टियां चाहती है कि किसान सीधे व्यापारियों से ना जुड़ सके बल्कि मंडियों के बिचौलिए से जुड़े रहे और उनका शोषण करते रहें जिससे इनके लोगों को मोटा कमीशन मिलता रहे। राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन सरकार से लगातार मांग कर रही थी कि इस कथित किसान आंदोलन की गोपनीय तरीके से जांच कराई जाए। राष्ट्र विरोधी तत्वों के इशारों पर देश को नुकसान पहुंचाने के लिए यह आंदोलन करवाया जा रहा है जबकि बहुत से विशेषज्ञ यह सुनिश्चित कर चुके हैं कि तीनों नए कृषि कानूनों से किसानों को बहुत फायदा होने वाला है और इसके बावजूद देश के किसानों को नुकसान पहुंचाने के लिए और देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए इन कानूनों को वापस लेने का दबाव बनाया गया। लखनऊ में अपने कार्यकर्ताओं से बात करते हुए राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि देश के कई विशेषज्ञ बार–बार यह कह रहे है कि तीनों कृषि कानूनों को लागू होना चाहिए जिससे किसानों की आय बढ़ सके उन्हें अपना उत्पाद अपने मनचाहे मूल्य पर किसी भी छोटे–बड़े व्यापारी को कहीं भी बेचने की आजादी मिल सके। किसानों को मंडी शुल्क से आजादी मिल सके और वह खुद अपने उत्पादों के व्यापारी बन सके लेकिन राष्ट्र एवं किसान विरोधी ताकते देश के किसानों का भला नहीं चाहती है देश का आर्थिक विकास नहीं चाहती इसीलिए किसानों को गुमराह किया जा रहा है। वही कथित किसान नेता राकेश टिकैत ने अपने निजी लाभ के लिए देश के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है राकेश टिकैत चाहते हैं कि किसान मंडियों में सक्रिय बिचौलियों और दलालों के जाल में फंसे रहे, किसानों की उनकी फसलों का ज्यादातर मुनाफा खा जाते है।

# 100 से अधिक बीमारियों का काल है नीरा, हफ्ते में 1 बार जरूर करें सेवन



स्वाद में मीठी और सफेद रंग वाला नीरा सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब आप सोच रहे होंगे कि नीरा होता क्या है। बता दें नारियल और खजूर के पेड़ से जो ताजा रस (ताड़ का रस) निकलता है, उसे नीरा कहते है। इसमें 84ः के अलावा कैल्शियम, पोटेशियम, फॉस्फोरस, आयरन, जिंक, विटामिन बी, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स जैसे कई पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं नीरा पीने से शरीर को क्या–क्या फायदे मिलते हैं।

नीरा और ताड़ी में अंतर

बहुत से लोग ताड़ी और नीरा को एक ही समझ लेते हैं जबकि दोनों अलग–अलग चीजें हैं। दोनों ही नारियल के पेड़ से निकलती है लेकिन ताजा रस को नीरा और उसके फर्मेंट रूप को ताड़ी कहा जाता है। वहीं, नीरा स्वाद में मीठा जबकि ताड़ी खट्टी होती है।

100 से अधिक बीमारियों का काल

शोध की मानें तो नीरा का सेवन 100 से अधिक बीमारियों को दूर करने में कारगार है। पेड़ से तुरंत निकालने के बाद इसका सेवन कर लें क्योंकि ज्यादा देर खुला छोड़ने से इसके गुण खत्म होने लगते हैं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, केरल, आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों में यह आसानी से मिल जाता है।

चलिए अब आपको बताते हैं नीरा पीने से क्या–क्या फायदे मिलते हैं।

डिहाइड्रेशन से बचाव

गर्मी में इसका सेवन शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने में मदद करता है क्योंकि इसमें 84ः पानी होता है। साथ ही इससे आपको एनर्जी भी मिलती है।

कमजोरी दूर करे

नीरा का सेवन कमजोरी, सुस्ती, थकावट दूर करने में भी मददगार है। खासकर गर्भवती महिलाओं को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

पेट के लिए फायदेमंद

पेट से जुड़ी बीमारियों को दूर करने में भी नीरा काफी मददगार है। हफ्ते में 1 बार इसका सेवन कब्ज, एसिडिटी, आंत की समस्याओं को दूर रखता है।

यूरिन में जलन

शरीर में पानी की कमी या किसी और वजह से यूरिन पास करते समय जलन होता है तो इसका सेवन करें। नीरा पीने से यह समस्या दूर होती है।

खून की कमी या एनीमिया करे दूर

शरीर में खून या व्हाइट सेल्स की कमी है तो इसका सेवन करें। इसमें आयरन व जिंक होता है, जो एनीमिया को दूर करने में मददगार है।

वजन बढ़ाने में मददगार

अगर आप वजन बढ़ाने के तरीके ढूंढ रहे हैं तो हफ्ते में कम से कम 2 बार इसका सेवन करें। आपको खुद रिजल्ट देखने को मिलेगा।

टीबी की बीमारी दूर करने में फायदेमंद

टीबी जैसी गंभीर बीमारघ् में भी नीरा पीना फायदेमंद है। डॉक्टर्स भी टीबी की बीमारी में इसे पीने की सलाह देते हैं।

आंखों के लिए फायदेमंद

आंखों की रोशनी बढ़ाने के अलावा नीरा आईज ड्राइनेस, जलन, खुजली, धुंधलापन, कंजक्टिवाइटिस को दूर रखने में भी मदद करता है।

पीलिया

नीरा का सेवन करने से पीलिया के लक्षण नजर भी कम होते हैं और जल्दी रिकवरी होती है।

# इस सर्दियां दूध में उबालकर पीएं सूखा अंजीर, शरीर में आएगी गर्माहट

पुराने समय से ही लोग सर्दियों में हेल्दी रहने के लिए अलग–अलग चीजों का सेवन करते हैं। वहीं शरीर को गर्म व स्वस्थ रखने के लिए अंजीर खाना भी फायदेमंद माना जाता है। एक्सपर्ट अनुसार, सोने से पहले गर्म दूध में सूखा अंजीर डालकर पीने से दोगुना फायदा मिलता है। सूखे अंजीर में विटामिन ए, के, सी तथा मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटेशियम, कॉपर, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल आदि गुण होते हैं। चलिए आज हम आपको अंजीर का दूध बनाने का तरीका व इसे पीने के फायदे बताते हैं...

ऐसे बनाएं अंजीर वाला दूध

. सबसे पहले पैन में 1 गिलास दूध और 3 ड्राई अंजीर डालकर उबालें।
. आप इसमें 2–3 केसर के धागे भी डाल सकती है।
. इसके बाद दूध को गिलास में निकाल कर पी लें और अंजीर खा लें।
. सोने से पहले सेवन करें।



कैंसर से बचाव

एक्सपर्ट अनुसार अंजीर का सेवन करने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव रहता है।

इम्यूनिटी बढ़ाए

पोषक तत्वों, एंटी–ऑक्सीडेंट व औषध्ीय गुणों से भरपूर अंजीर दूध सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इससे इम्यूनिटी लेवल तेजी से बढ़ने में मदद मिलती है। ऐसे में सर्दी–जुकाम, खांसी व मौसमी बुखार से आराम मिलता है।

ब्लड प्रेशर रखे कंट्रोल

सूखे अंजीर में पोटेशियम अधिक और सोडियम अधिक होता है। इससे हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है। ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

शरीर में आएगी गर्माहट

अंजीर गर्म होता है। इसका सेवन करने से शरीर में गर्माहट का एहसास होगा। ऐसे में ठंड से बचने के लिए सोने से पहले अंजीर का दूध जरूर पीएं।

हड्डियों व दांतों में दिलाए मजबूती

अंजीर वाला दूध पीने से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आती है। यह स्वस्थ दांतों के लिए भी फायदेमंद होता है।

तनाव करे कम

अंजीर मिश्रित दूध पीने से दिमाग स्ट्रेस फ्री होता है। ऐसे में चिंता, तनाव दूर होने में मदद मिलती है।

जोड़ दर्द से राहत दिलाए

इस हेल्दी ड्रिंक को पीने से जोड़ दर्द, सूजन आदि से राहत मिलती है।

पाचन शक्ति बढ़ाने में सहायक

इसका सेवन करने से शरीर का मेटाबॉलिज्म तेज होता है। ऐसे पाचन तंत्र मजबूत होता है। इसका सेवन करने से पाचन क्रिया तेज होती है। ऐसे में पेट संबंधी समस्याएं दूर होकर बेहतर शारीरिक विकास होता है।

अनिद्रा की समस्या भगाए

एक्सपर्ट अनुसार अंजीर मिश्रित दूध पीने से अच्छी नींद आने में मदद मिलती है। दरअसल अंजीर में मौजूद ट्रिप्टोफैन और मेलाटोनिन अच्छी व गहरीघ् नींद दिलाने में मदद करती है

ये लोग बरतें सावधानी

. जो लोग लेक्टोज इंटॉलरेंस की समस्या से परेशान हैं वे सोया मिल्क, ओट्स मिल्क या आलमंड मिल्क के साथ इसका सेवन करें।

. सूखे अंजीर में ताजी अंजीर के मुकाबले मिठास ज्यादा होती है। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को इसका सेवन कम मात्रा में ही करना चाहिए। इसके अलावा इन लोगों को अंजीर का दूध पीने से पहले एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए।

# शादी से पहले लड़का–लड़की करवाएं ये 4 टेस्ट और बिताएं सुखी जीवन



हिंदू धर्म में शादी से पहले लड़का–लड़की के गुण, रंग–रूप, हाइट और कुंडली मिलाई जाती है। हालांकि इनसब के अलावा नवविवाहित जोड़े का स्वास्थ्य और खुशहाल रिश्ते के लिए कुछ मेडिकल टेस्ट करवाना भी जरूरी है। आप सोच रहे होंगे कि शादी और मेडिकल चेकअप से क्या लेना देना लेकिन सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है। शादी बाद कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो जाती हैं, जिसका समय रहते पता हो तो इलाज भी किया जा सकता है।

इनफर्टिलिटी टेस्ट

शादी से पहले कपल्स इनफर्टिलिटी टेस्ट जरूर करवा लें। इससे स्पर्म काउंट से लेकर प्रजनन अंगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलती है। ऐसे में आप समय रहते इलाज करवा सकते हैं, जिससे आगे चलकर कोई प्रॉब्लम नहीं आएगी।

ब्लड ग्रुप कंपैटिबिलिटी टेस्ट

इस टेस्ट से आरएच फैक्टर का पता चलता है। अगर कपल्स का ब्लड ग्रुप एक दूसरे के साथ कंपैटेबल ना हो जो आगे चलकर कंसीव करने में दिक्कत आ सकती है। यही नहीं, इसके कारण प्रेगनेंसी में शिशु को भी नुकसान पहुंच सकता है क्योंकि कई बार इस समस्या के कारण मां की एंएंटी–बॉडिज भ्रूण की रक्त कोशिकाओं को ही नष्ट कर देती हैं।

आनुवंशिक संचरित स्थिति जांच

इस टेस्ट के जरिए आप इस बात का पता लगा सकते हैं कि आप में या होने वाले शिशु में जेनेटिक समस्याएं होने के चांसेज कितने हैं। इसमें ब्रेस्ट व कोलोन कैंसर, किडनी रोग और डायबिटीज जैसी बीमारियां शामिल है।

एसटीडी टेस्ट

यौन संचारित रोग जैसे एचआईबी, दाद और हेपेटाइटिस–सी ना सिर्फ उम्रभर रहती है बल्कि ये जीवन के लिए खतरानाक साबित हो सकती हैं। ऐसे में कपल्स एसटीडी टेस्ट जरूर करवाएं, ताकि आपको पता चल सके कि शादी के लिए आगे बढ़ना चाहिए या नहीं।

आप जिस व्यक्ति के साथ अपनी पूरी जिंदगी गुजारने वाले हैं उसकी सेहत से जुड़ी जानकारी के बारे में अवगत होना बहुत जरूरी है। ऐसे में शादी की तैयारियों के साथ थोड़ा समय निकालकर कुछ टेस्ट भी करवा लें, ताकि आगे चलकर कोई बाधा ना आए।

# अंतिम द फाइनल ट्रुथ देखने पहुंचे फैंस की वजह से परेशान हुए सलमान खान

## थिएटर के अंदर ही चला दिए पटाखे






सलमान खान की फिल्म 'अंतिम' एक लंबे वक्त के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। सलमान खान इस फिल्म में एक पंजाबी पुलिस ऑफिसर के अवतार में नजर आ रहे हैं। उनका धमाकेदार एक्शन फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। सलमान के डाई हार्ड फैन उन्हें इतना पसंद करते हैं कि उनकी फिल्म रिलीज को त्योहार जैसे मानते हैं। ऐसा ही एक वाकया सलमान ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया जिसमें उनके फैंस थिएटर में पटाखें फोड़ते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल सलमान खान का क्रेज इतना ज्यादा है कि उनके फैंस उनके लिए जो भी करें वो कम ही लगता है। हाल ही में फिल्म श्अंतिमश देखने सिनेमाघरों में पहुंचे कुछ लोगों ने सलमान को देख सिनेमाघरों में खुशी जताते हुए आतिशबाजी की। सलमान खान के फैंस सिनेघर में पटाखे लेकर पहुंच थे। ऐसे में वहां कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। ये देखते हुए सलमान खान ने अपने फैंस से ऐसा ना करने की गुजारिश की है। सलमान ने एक वीडियो शेयर करते हुए अपने फैंस से ऐसा ना करने की अपील की है।

सलमान खान ने खुद अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो थिएटर के अंदर का है, जहां स्क्रीन पर सलमान की फिल्म 'अंतिम द फाइनल ट्रुथ' चल रही है। इसी दौरान सलमान की एंट्री पर उत्साहित हुए फैंस ने थिएटर के भीतर ही आतिशबाजी कर डाली। वीडियो में पटाखों की चिंगारी लोगों पर उड़ती साफ नजर आ रही है। इस वीडियो को शेयर करते हुए सलमान खान ने लिखा है, 'मैं अपने सभी फैंस से रिक्वेस्ट करता हूं कि आप सिनेमा हॉल के अंदर पटाखे लेकर न जाएं। यह लोगों की जान के लिए नुकसानदायक हो सकता है। मैं सिनेमाघर मालिकों से निवेदन करता हूं कि वह सिनेमा हॉल के अंदर पटाखे ले जाने की इजाजत न दें और सिक्योरिटी ऐसे लोगों को एंट्री पॉइंट पर ही रोक दे। फिल्म का पूरे तरीके से आनंद उठाइए लेकिन प्लीज इस तरह की चीजें न करें.. धन्यवाद।'

# गोलमाल 5 के लिए रोहित शेट्टी ने कसी कमर, तीन साल पहले की थी अनाउंस







रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और ये फिल्म लोगों का दिल जीत रही है। बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई है। क्रिटिक के साथ ऑडियन्स का प्यार भी इस फिल्म को मिला है। अब रोहित शेट्टी अपनी फिल्म गोलमाल 5 पर काम करना शुरू करने जा रहे हैं। रोहित शेट्टी ने साल 2018 में गोलमाल फ्रेंचाइजी की पांचवी फिल्म गोलमाल 5 की अनाउंसमेंट की थी। इस फिल्म में अरशद वारसी, कुणाल खेमू, श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर नजर आएंगे। ये चारों रोहित शेट्टी की फिल्म सिंबा के गाने आंख मारे में नजर आए थे। रोहित शेट्टी ने अब इस फिल्म के लिए कमर कस ली है। फिल्म निर्माता जल्द ही दर्शकों को गोलमाल 5 के जरिए गुदगुदाते दिखाई देंगे। रोहित शेट्टी ने गोलमाल 5 बनाने को लेकर खुलकर बात की। गोलमाल 5 की प्लानिंग के बारे में बात करते हुए रोहित शेट्टी ने कहा, ये फिल्म जल्द हे बनाई जाएगी।

गोलमाल एक ऐसी चीज है जो कभी खत्म नहीं हो सकती। गोलमाल 4 में तब्बू और परिणीति चोपड़ा को पुरानी स्टारकास्ट के साथ शामिल होते हुए देखा गया था। हालांकि ये देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शेट्टी अपनी इस फिल्म के लिए बॉलीवुड से किस एक्टर को चुनते हैं। रोहित शेट्टी ने सूर्यवंशी के साथ सिंघम 3 की भी अनाउंसमेंट कर दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सिंघम 3 की कहानी आर्टिकल 370 इर्द–गिर्द घूमने वाली है। इस पर रोहित ने कहा कि मैंने भी ये स्टोरी सुनी है। रोहित ने कहा कि मुझे भी नहीं पता है कि कहानी क्या है। हमारे पास कहानी के लिए बेसिक आइडिया है लेकिन मैं समझ सकता हूं क्योंकि सूर्यवंशी के द्वारा सिंघम का बज क्रिएट हुआ है जिसकी वजह से सब सिंघम के बारे में बात कर रहे हैं। रोहित शेट्टी आगे कहते हैं कि हालांकि अभी इसके लिए बहुत टाइम है। अगर आप देखे तों सिंघम 3 के लिए अभी कम से कम 1 साल बाकी है तो ये उससे पहले शुरू नहीं होगी।

# शाहिद कपूर फिल्म 'जर्सी' की शूटिंग के दौरान हो गए थे बुरी तरह घायल, आए थे 25 टांके





शाहिद कपूर अपनी फिल्मों के लिए बहुत मेहनत करते हैं। जब भी कोई किरदार शाहिद निभाते हैं, उसे पर्दे पर जीवंत करने की भरपूर कोशिश करते हैं। एक्टर की आने वाली फिल्म 'जर्सी' में उन्होंने एक क्रिकेटर की भूमिका निभाई है। फिल्म के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि शाहिद ने अपने किरदार को निभाने के लिए कितनी मेहनत की है। फिलहाल इन दिनों शाहिद कपूर अपनी फिल्म 'जर्सी' के प्रमोशन में जी–जान से जुट गए हैं। इसी क्रम में बीते शनिवार को शाहिद ने अपने चाहने वालों से बात करने के लिए इंस्टाग्राम लाइव पर जुड़े। अपने इंस्टाग्राम लाइव में शाहिद कपूर ने अपने फैंस के हर सवाल का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्म 'जर्सी' की शूटिंग के दौरान हुए एक्सपीरियंस को अपने फैंस के साथ साझा किया।

उन्होंने खुलासा किया की, मैंने इस फिल्म अपना होंठ फुडवा लिया और जर्सी की ये मेरी सबसे मजबूत स्मृति है। मुझे लगा कि मैं फिर कभी पहले जैसा नहीं दिखूंगा। उन्होंने कहा ये घटना तब हुई जब मैं एक अनुभवी बॉल को ऑफ कैमरा प्रैक्टिस कर रहा था। और ये वो दिन था, जब उन्होंने अपना हेलमेट भी नहीं पहना था। गेंद मेरे निचले होठ पर आकर लगी, जिससे मेरा होठ कट गया और मुझे करीब 25 टांके आए। इसके चलते हम लोगों को फिल्म की शूटिंग दो महीने रोकनी पड़ी। अभिनेता ने वीडियो में आगे कहा मेरा होठ अभी भी सामान्य नहीं लग रहा है।

मैंने इस फिल्म के लिए अपना खून दिया है।वहीं उन्होंने लाइव वीडियो सेशन के दौरान फिल्म के सॉन्ग और अपनी फिल्म कबीर सिंह को लेकर भी बात की थी। हाल ही में जर्सी का ट्रेलर रिलीज के बाद मीडिया पर बात चीत के दौरान फिल्म से जुड़े कई राजों का खुलासा किया था, जिसमे उन्होंने बताया कि वो इस फिल्म को लेकर कई बड़े नामचीन प्रोडक्शन हाउस के पास गए और फिल्म को बनाने का अग्रह किया। लेकिन किसी ने भी इस फिल्म को बनाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई।शाहिद तेलुगु फिल्म जर्सी की रीमेक में दिखने वाले हैं। इस फिल्म में शाहिद के साथ मृणाल ठाकुर और पंकज कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म को ओरिजनल फिल्म के निर्देशक गौतम तिन्नानूरी ही कर रहे हैं। ये फिल्म 31 दिसंबर 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है जिसमें शाहिद के परफॉर्मेंस को खूब पसंद किया जा रहा है।

# रेड बिकिनी में समुद्र किनारे दिशा पटानी ने बिखेरे जलवे, ग्लैमरस तस्वीर देख लट्टू हुए फैंस



बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री दिशा पटानी अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने लुक को लेकर चर्चा में छाई रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी अपकमिंग फिल्मों से जुड़े अपडेट अपने चाहने वालों के साथ साझा करती रहती हैं। इस दौरान इंटरनेट पर एक्ट्रेस की एक तस्वीर काफी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वो समुंद्र किनारे आराम फरमाती हुई नजर आ रही हैं। अपनी इस न्यू तस्वीर को अभिनेत्री ने अपने इंस्टा हैंडल पर पोस्ट किया है। तस्वीर में दिशा रेड कलर की टाइगर प्रिंटेंड बिकिनी पहने हुए एंजॉय कर रही है। साथ ही समुंद्र किनारे खडे होकर पोज देती दिख रही हैं। वैसे एक्ट्रेस की इस तस्वीर को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है और लोग कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हाल ही में दिशा पटानी ने अपनी एक बातचीत में बताया कि वो ट्विस्ट और टर्न से भरी अपनी अपकमिंग मूवी में एक विलेन रिटर्न्स में बोल्ड और निडर किरदार निभा रही हैं और अपने एक्शन स्टंट जितना संभव हो सके हो खुद करने की बात कही है।

# बोल्डनेस छोड़ अब ट्रेडिशनल लुक में उर्फी जावेद ने बरपाया कहर

छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री उर्फी जावेद पिछले दिनों बिग बॉस ओटीटी का हिस्सा बनने के बाद अब जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उर्फी अब किसी भी परिचय की मोहताज नहीं है। वहीं एक्ट्रेस अपने अनोखे फैशन सेंस को लेकर चर्चा का विषय बनी रहती हैं।



ऐसे में कई बार वह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। लेकिन उर्फी जावेद को इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता। तभी वो अक्सर अपना बोल्ड अवतार फ्लॉन्ट करने से चूकतीं नहीं हैं। उर्फी भले ही बिग बॉस ओटीटी में केवल एक हफ्ते ही टिक पाई हों, लेकिन आखिर उन्होंने वो पहचान हासिल कर ली जिसके लिए उर्फी ने शो में एंट्री ली थी। हाल ही में एक्ट्रेस एक बार फिर से अपने लेटेस्ट फोटोशूट के चलते सुर्खियों में आ गई हैं। दरअसल हमेशा बोल्ड एंड हॉट लुक में नजर आने वाली उर्फी इस बार ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रही हैं। हाल ही में उर्फी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। फोटोज शेयर करते हुए उर्फी ने कैप्शन में श्ब्पदकतमससंश लिखा है। फोटो में वो बिकिनी, मोनोकिनी या बोल्ड ड्रेस में नहीं बल्की साड़ी में नजर आ रही हैं। वहीं उन्हें साड़ी में देखकर फैंस भी हैरान हो गए हैं। इस बीच उर्फी ने एक साथ अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनकी अदाएं कमाल की हैं। वैसे ट्रेडिशनल लुक में भी उर्फी बेहद प्यारी लग रही हैं। इस दौरान वह प्रिंटेड व्हाइट साड़ी में नजर आ रही हैं, इसके साथ एक्ट्रेस ने रेड डीप नेक ब्लाउज कैरी किया हुआ है। लाइट मेकअप और ओपन हेयर के साथ उर्फी ने लुक को कंप्लीट किया है। वहीं, अब उर्फी का ये खास अंदाज सोशल मीडिया पर ताबतोड़ वायरल हो रहा है। फोटोज देख लोग अलग–अलग तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# ब्रांच में रुपये जमा कराने जा रहे वृद्ध को झांसा दे 50 हजार हड़पे




लखनऊ,संवाददाता। पंजाब नेशनल बैंक पॉलीटेक्निक ब्रांच में रुपये जमा कराने जा रहे वृद्ध को झांसा देते हुए एक युवक ने रोक लिया। रिश्तेदार के तौर पर परिचय देने वाला युवक वृद्ध को बातों में उलझा कर सुनसान रास्ते पर ले गया। जहां ठग ने वृद्ध के थैले में रखे 50 हजार रुपये झटक लिए। इस मामले में वृद्ध ने गाजीपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। इन्दिरानगर सेक्टर–17 निवासी अभिमन्यु सिंह (65) रुपये जमा करने के लिए पीएनबी पॉलीटेक्निक ब्रांच गए थे। उन्होंने बैंक के बाहर साइकिल खड़ी की फिर झोला लेकर अंदर जाने लगे। तभी एक युवक ने आकर उनके पैर छू लिए। अनजान युवक के पैर छूने पर अभिमन्यु उसे पहचानने की कोशिश करने लगे। युवक ने अभिमन्यु को मौसा कहकर संबोधित करते हुए कहा कि आपके गांव में रहने वाले कमलेश का बेटा हूं। अच्छा हुआ आप मिल गए पापा आपको कई दिनों से याद कर रहे हैं। चलिए घर चल कर मिलवा देता हूं। यह कहते हुए युवक अभिमन्यु को चर्च रोड की तरफ ले गया। इस दौरान युवक ने किसी से फोन कर कहा कि मौसा मिल गए हैं। चाय बनाओ हम लोग आ रहे है। फिर युवक एक मकान के सामने रूक गया। उसने अभिमन्यु से कहा कि मौसा मुझे कुछ सामान लेना है। लेकिन रुपये कम हैं। आप रुपये दे दीजिए। मैं घर पहुंच कर लौटा दूंगा। अभिमन्यु झोले से रुपये निकाल रहे थे। तभी युवक ने हाथ से बैग ले लिया। बोला कि सामने मेरे परिचित का घर है। सड़क पर रुपये गिनना ठीक नहीं है। मैं अंदर रुपये गिन कर आता हूं। इसके बाद ठग एक मकान की तरफ चला गया। इसके बाद लौटा ही नहीं। काफी देर तक इंतजार के बाद अभिमन्यु युवक को तलाशने लगे। कोई जानकारी नहीं मिलने पर उन्होंने गाजीपुर कोतवाली पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया है।

# रॉका इलेवन ने नेपाल को हराकर फाइनल जीता

मथुरा,संवाददाता। श्री राम स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मैच खेला गया।हजारीमल सोमानी इंटर कालेज नगर निगम के मैदान में आयोजित की जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच नेपाल व राका इलेवन मथुरा के बीच हुआ।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम निर्धारित 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और आल आउट होकर महज 84 रन ही बना सकी।नेपाल की टीम का स्कोर मात्र 84 रहने के कारण दर्शकों में मायूसी छा गयी लेकिन जब राका इलेवन की टीम टारगेट का पीछा करने उत्तरी तो उसे भी एक एक रन के लिए जूझना पड़ा।नेपाल की घातक गेंदबाजी के चलते राका इलेवन के एक के बाद एक विकेट गिरने लगे।लेकिन अंत मे 16 ओवर 4 गेंद में राका इलेवन ने 8 विकेट खो कर 85 रन बनाये और फाइनल मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में जीतने वाली राका इलेवन को अतिथि सीओ सदर राममोहन शर्मा,राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता योगेश द्विवेदी कोतवाली प्रभारी विनय मिश्र और कार्यक्रम संयोजक शशांक शर्मा ने ट्रॉफी व 51000 रुपये नगद दे कर सम्मानित किया।वहीं नेपाल की टीम को राम स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से ट्रॉफी व 31000 रुपये नगद प्रदान किये गए।टूर्नामेंट में नेपाल टीम के आल राउंडर सन्दीप मित्तल को मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन का खिताब आदित्य पांडे व बेस्ट बॉलर का खिताब भीम परमार को मिला। वहीं फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच भीम परमार रहे। इस अवसर पर टूर्नामेंट के संयोजक भाजपा युवा मोर्चा के महानगर मंत्री शशांक शर्मा,राम स्पोर्टज क्लब के राम कुमार कन्हैया वार्ष्णेय,भारत यादव,महेश गोस्वामी,गोपाल गौतम,भरत शर्मा,आकाश गौतम,सत्यम, सौरभ,अनूप अग्रवाल,जयंत वार्ष्णेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त ने गिरधरपुर व बालकपुर की समस्याएं जानीं

मथुरा,संवाददाता। नगर निगम के वार्ड संख्या तीन गिरधरपुर और वार्ड संख्या 22 बाकलपुर का निरीक्षण कर नगर आयुक्त अनुनय झा ने स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं पूछीं और तत्काल समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने डलावघरों को कवर्ड करने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। नगर निगम में शामिल हुए बाहरी क्षेत्रों के लोगों को जनसुविधाएं मुहैया कराने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए नगर आयुक्त अनुनय झा ने अफसरों की टीम के साथ निरीक्षण करना तेज कर दिया है।

गुरुवार को उन्होंने वार्ड संख्या तीन गिरधरपुर व वार्ड संख्या 22 बाकलपुर क्षेत्र का निरीक्षण कर लोगों से उनकी समस्याएं पूछीं। उन्होंने पार्षद प्रतिनिधियों से भी वार्ड में प्रकाश, सफाई, पेयजल, सड़का आदि समस्याओं की जानकारी की। प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वार्ड में सभी लाईटें ठीक हैं। कुछ स्थानों पर डलावघरों को कवर्ड किये जाना बेहद जरूरी है, ताकि बीमारियां न फैलें।

इस पर नगर आयुक्त ने मुख्य अभियन्ता सिविल को डलाव घरों को कवर्ड किये जाने हेतु निर्देशित किया। क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि डलाव घरों को प्रतिदिन दोनो पालियों में साफ कराया जाए।

## घर से रुठ कर आई युवती को किया परिजनों के सुपुर्द

मथुरा,संवाददाता। घर से रूठकर वृंदावन आई युवती को कनकधारा फाउंडेशन की अध्यक्ष डा. लक्ष्मी गौतम ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया। डा. गौतम ने बताया कि एक युवती प्रेम मंदिर के सामने इधर–उधर भटक रही थी। रात होने पर जब कुछ दुकानदारों ने उसे देखा तो उससे पूछताछ की लेकिन युवती अपने बारे में कुछ नहीं बता रही थी। दुकानदारों ने युवती को उनके निवास पर पहुंचा दिया। जहां उन्होंने युवती से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका विवाह होने वाला था, जिसके विरोध में वह बिना बताए घर से निकल आई।

# अघोषित विद्युत कटौती से किसानों की बढ़ी परेशानी

मऊ,संवाददाता। नगर पंचायत कुर्थीजाफरपुर और डंगौली उपकेंद्र से इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति नहीं के बराबर मिल रही है। जिससे आस पास के किसानों में काफी रोष है। धान के फसल की कटाई के बाद से खेतों की भराई में लगे किसानों को दिन में बिजली नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ रात में नियमित बिजली मिल रही है, वहीं मौसम में बदलाव से रात में खेतों की भराई नहीं हो पा रही है। ज्यादा परेशानी उन किसानों को हो रही है जिनकी खेती दूसरे के ट्यूबवेल पर निर्भर है। सरकार की कोशिश के बाद भी अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है। आलम यह है कि किसान खेतों की भराई के लिए दिन भर बिजली का इंतजार करता है, लेकिन घंटे दो घंटे ही आपूर्ति मिलती है। अक्टूबर माह का मध्य और नवंबर का पूरा माह किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। किसान खरीफ की फसल की कटाई के साथ रबी की फसल की बोवाई करने में लग जाता है। साथ ही गन्ने की पेराई, खेतों की भराई और सिंचाई का कार्य जोरों पर चलता है।

ऐसे में किसान की पूरी निर्भरता बिजली पर ही रहती है। खास तौर पर कुर्थीजाफरपुर और डंगौली उपकेंद्र से से सप्लाई दिन में बाधित रहती है। जिससे आस पास के गांव मीरपुर, गौहरपुर, जोगरी, गउरपार, बर्जला, भगवानपुर, चौबेपुर, एकौना, कोटवा कोपड़ा, सरवा, धवरियासाथ सहित दर्जनों गांव के किसान परेशान हाल है। इस बाबत डंगौली उपकेंद्र के कनिष्ठ अभियंता विवेक खरवार से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनका मोबाइल नंबर देर शाम तक बंद रहा। वहीं कुर्थीजाफरपुर के जेई इंतजार आलम ने बताया कि मेन सप्लाई मिलते ही आपूर्ति की जाती है, कभी कभी स्थानीय फाल्ट से भी सप्लाई बाधित होती है।

# मलवा उठाने के साथ वसूला गया जुर्माना



लखनऊ,संवाददाता। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आज शहर में 107 टन से अधिक मलवा उठाते हुए 40 हजार 800 रूपये जुर्माना वसूला गया। वायु प्रदूषण की स्थिति के दृष्टिगत प्रत्येक जोन क्षेत्रांतर्गत निर्माणाधीन भवनों के स्वामियों द्वारा खुले में बिना ग्रीन शीट लगाये किये जा रहे निर्माण अथवा खुले स्थानों पर रखी गयी भवन निर्माण सामग्रियों को ढकने तथा मार्गों,फुटपाथों पर से निर्माण सामग्रियों को हटवाते हुए ऐसे भवन स्वामियों के विरूद्ध नोटिस निर्गत कर उनके ऊपर अर्थदण्ड अधिरोपित किये। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आज के अभियान में लालबाग चौराहा के पास, 28, पार्क रोड, कालीदास मार्ग के पास, 1090 चौराहा के पास, दयानिधान पार्क के पास, सैभाग्य इन होटल के पास चारबाग रोड, के0के0सी पेट्रोल पम्प के आस–पास मलवा को मार्गों से हटवाने का कार्य किया गया।

मील रोड, राजाजीपुर ई–ब्लॉक, राजेन्द्र नगर भारती भवन के सामने, डीएवी कॉलेज मोती लाल नेहरू नगर के पास निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध नोटिस जारी की कार्यवाही करते हुए लगभग 11 टन मलवा को मार्गों से हटवाते हुए 5,000 रूपये जुर्माना और हुसैनगंज डालीगंज निराला नगर, मन्दिर मार्ग, महानगर, कपूरथला रोड अलीगंज, तिवारी मार्ग महानगर, मनकामेश्वर मन्दिर महानगर, गोल मार्केट चौराहा महानगर से लगभग 22.10 टन मलवा को मार्गों से हटवाने की कार्यवाही की गयी। एमजे ग्राण्ड लॉन के पास, नर्राबाबा चौराहा विक्रांत खण्ड, ओमेक्स रेजिडेन्सी, सरसवां अर्जुनगंज, स्टेडियम रोड, अर्जुनगंज व पेपर मिल कालोनी क्षेत्र में मलवा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए लगभग 21.50 टन मलवा को मार्गों से भवन स्वामियों को कुल 24,800 जुर्माना, कैलाशपुरी, बाबू कुन्ज बिहारी, शिवम नगर आशाराम बापू आश्रम रोड, मानस नगर, टक्नीकल हाई स्कूल के पास, जोधा खेड़ा श्रृगांर नगर के आस–पास में मलवा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए लगभग 7 टन मलवा का उठान कराते हुए भवन स्वामियों के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुए 5,000 का जुर्माना वसूला गया। कला कोटी के सामने, हुसैनाबाद, बकरा मण्डी चौक, दुबग्गा रिंग रोड, एलआईसी ऑफिस के सामने से लगभग 23 टन मलवा को मार्गों से भवन स्वामियों से 4,000 जुर्माना वसूला गया।

# एमएलसी सीपी चंद के गोरखपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत



गोरखपुर। समाजवादी पार्टी छोड़ कर भाजपा का दामन थामने के बाद पहली बार गोरखपुर पहुंचे एमएलसी सीपी चंद का शनिवार को गोरखपुर के सीहापार हाल्ट पर हजारों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत कियाइस दौरान नौसढ़ से गोलघर तक जाम लग गया।

सीपी चंद का काफिला सीधे गोरखनाथ मंदिर निकल गया। गोरखनाथ मंदिर में बाबा गुरु गोरक्षनाथ जी का दर्शन के बाद वे इंदिरा बाल विहार स्थित अपने आवास पर पहुंचे।

## किसान बिल की तरह एनएसपी व्यवस्था बहाल करे सरकार : विजय बन्धु'

लखनऊ,संवाददाता। अटेवा –पेंशन बचाओ मंच–उ0प्र0 द्वारा 21 नवंबर को ईको गार्डन लखनऊ में कल होने वाली पेंशन शंखनाद रैली की तैयारियां बैठक श्री रामराज दूबे की अध्यक्षता में चूक के कैम्पस में की गई हैं। पुरानी पेंशन की बहाली व निजीकरण के खिलाफ यह रैली आयोजित की गयी है। रामराज दूबे ने कहा की भारी संख्या मे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रैली मे आ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि किसान बिल की तरह एनएसपी व्यवस्था वापस लेकर लाखो लाख शिक्षकों कर्मचारियों व अधिकारियों को बुढ़ापे मे पुरानी पेंशन का संबल प्रदान करें।

# पार्टनर को हेल्दी रखने के लिए रुटीन में शामिल करें ये गुड़ है बिट्स

हर महिला अपने पार्टनर को एकदम फिट एंड फाइन देखना चाहती है। ऐसे में वे उनकी डेली डाइट व अन्य जरूरतों का खास ध्यान रखती है। मगर फिर भी उम्र बढ़ने के साथ बीमारियों की चपेट में आने का खतरा रहता है। वहीं हर साल नवंबर माह को पुरुषों का स्वास्थ्य जागरूकता महीना मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य पुरुषों की सेहत के प्रतधि लोगों को जागरूक करना है। वहीं पुरुष आमतौर पर अपनी सेहत पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। मगर उम्र बढ़ने से बीमारियों की चपेट में आने का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे आप अपने पार्टनर को सेहतमंद रखने के लिए उनकी डेली रूटीन में कुछ अच्छी आदतें डाल सकती हैं। चलिए जानते हैं इसके बारे में...



आउटडोर एक्टिवटी के लिए पार्टनर को करें प्रेरित

हेल्दी रहने के लिए आउटडोर एक्टिवटी करना बेस्ट ऑप्शन है। आप सुबह या शाम के समय पार्टनर के साथ टेनिस, बैडमिंटन या कोई और गेम खेल सकते हैं। इसके अलावा आप एक साथ मिलकर योगा भी कर सकते हैं। इससे आपके पूरे शरीर की अच्छे से एक्सरसाइज हो जाएगी। इससे मेटाबॉलिज्म रेट तेज होगा और वजन कम करने में मदद मिलेगी। ऐसे में बीमारियों से बचाव रहेगा।

अगर पार्टनर हो मीठे का शौकीन

ज्यादा मीठा खाने से सेहत को नुकसान झेलना पड़ सकता है। वहीं 30 के बाद तो सेहत को खास ध्यान की जरूरत होती है। ऐसे में पार्टनर को मीठे से दूर रखें। वहीं दूध या चाय में भी चीनी डालकर पीने से डायबिटीज व वजन बढ़ने का खतरा रहता है। ऐसे में उन्हें हेल्दी फूड खाने के लिए प्रेरित करें। आप मीठे में उनके लिए गुड़, शहद, ब्राउन शुगर आदि हेल्दी ऑप्शन चुन सकती है। इसके अलावा मीठे की क्रेविंग होने पर पार्टनर को फल खाने के लिए कहें। इससे उनकी मीठे की क्रेविंग कम होगी। इसके साथ ही बीमारियों के लगने व वजन बढ़ने की समस्या से बचाव रहेगा।

पार्टनर को हेल्दी रखने के लिए खिलाएं ये चीजें

पार्टनर की डेली डाइट में विटामिन ए, बी12, सी, ओमेगा 3, फोलेट, आयरन, एंटी–ऑक्सीडेंट आदि से भरपूर चीजें शामिल करें। इससे उनका शारीरिक व मानसिक स्वस्थ बरकरार रहने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही वे दिनभर एनर्जेटिक रहेंगे। इसके लिए पार्टनर की डेली डाइट में सूखे मेवे, हरी सब्जियां, फल, जूस, सूप आदि शामिल करें।

पुरुषों का भी समय पर हेल्थ चेकअप करवाना चाहिए

महिलाओं की तरह पुरुषों को भी 30 के बाद कुछ हेल्थ चेकअप करवाने चाहिए। अगर आपके पार्टनर को भूख ज्यादा लगती है तो उनका कोलेस्ट्रॉल लेवल चेक करवाएं। इसके साथ ही इन्हें थायरॉइड, बीपी, डायबिटीज आदि चेकअप भी हर 2 महीने में करवाना चाहिए। इसके अलावा किसी बीमारी के लक्षण दिखने पर उसे इंग्नोर करने की जगह तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। एक्सपर्ट अनुसार, पुरुषों को 30 के बाद ईएनटी स्पेशलिस्ट के पास भी जरूर जाना चाहिए।

पार्टनर को अगर ज्यादा गुस्सा आए तो करें ये काम

पार्टर गुस्सा आना सेहत पर बुरा प्रभाव डालता है। इससे शारीरिक व मानसिक स्वस्थ पर गहरा व बुरा असर पड़ता है। ऐसे में अगर आपके पार्टनर जरूरत से ज्यादा गुस्सा करते हैं तो उन्हें समझने की कोशिश करें। उनके गुस्से का कारण ढूंढकर उनकी समस्या को सुलझाएं। अगर वे मानसिक समस्या से पीड़ित हैं तो आप इन्हें मनोरोग विशेषज्ञ के पास भी लेकर जा सकते हैं।

पार्टनर की इन आदतों को बदलें

. अगर आपके पति को एल्कोहॉल, सिगरेट, ड्रग्स आदि की आदत है तो उनकी यह लत छुड़वाने का ट्रीटमेंट करवाएं।

. पार्टनर अगर आलस के कारण फिजिकल वर्कआउट से दूर भागते हैं तो उन्हें एक्टिव रहने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए आप उनके साथ एक्सरसाइज कर सकती हैं।

. पति की देर रात में सोने की आदत बदलें। अनिद्रा के कारण उन्हें सेहत से जुड़ी कई परेशानियां हो सकती हैं।

. पार्टनर को बाहर का जंक या फास्ट फूड खाने की आदत छुड़वाकर घर का भोजन खिलाने के लिए प्रेरित करें।

. कई पुरुष काम में बिजी होने से सही मात्रा में पानी नहीं पीते हैं। इससे उन्हें डिहाइड्रेशन हो सकती है। ऐसे में आप उन्हें रोजाना 2–3 लीटर पानी पीने के लिए प्रेरित करें।

# डिलीवरी के बाद डल पड़ जाए स्किन तो क्या करें



मां बनना हर महिला की जिंदगी का सबसे यादगार पल होता है। मगर, खूबसूरत एहसास के साथ डिलीवरी के बाद महिलाओं को कई शारीरिक परेशानियों का सामना भी कर पड़ता है। वहीं, डिलीवरी के बाद महिलाओं की स्किन डल व काली पड़ जाती है और चेहरा बूझा–बूझा दिखने लगता है। कुछ महिलाएं तो घबरा जाती है लेकिन इनमें परेशान होने की जरूरत नहीं क्योंकि सही देखभाल से आप चेहरा का खोया हुआ निखार वापिस पा सकती हैं।

प्रेगनेंसी में क्यों डल पड़ जाती है स्किन?

प्रेगनेंसी के दौरान हर महिला के शरीर में कई हार्मोनल बदलाव होते हैं, जिसके कारण त्वचा की समस्याएं जैसे मुंहासे, काले घेरे, पिगमेंटेशन भी हो जाते हैं। वहीं, इसी के कारण चेहरा डल भी पड़ जाता है। ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं।

अगर आपको भी ऐसी ही कोई समस्या है तो यहां बताए गए कुछ उपाय आपके काम आ सकते हैं।

भरपूर पानी पीएं

सबसे पहले तो भरपूर पानी पीएं, ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे। पानी की कमी के कारण भी त्वचा बेजान हो जाती है। पानी के साथ खूब लिक्विड डाइट लें और नारियल पानी, जूस, स्मूदी, छाछ आदि पीती रहें।

पर्याप्त नींद

पर्याप्त नींद ना मिलने के कारण डिलीवरी के बाद डार्क सर्कल्स का सामना करना बहुत जरूरी है। ऐसे में महिला को टाइम मैनेज करने की जरूरत है। जब शिशु सोए तो महिलाएं भी उस समय अपनी नींद पूरी कर लें।

धूप में बाहर निकलने से बचें

गर्मी हो या सर्दी, धूप में बाहर निकलने से बचें क्योंकि इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है। अगर ज्यादा जरूरी हो तो सनस्क्रीन क्रीम लगाकर बाहर जाएं। सात ही चेहरे को कपड़े से ढक लें।

केमिकल युक्त उत्पादों से दूरी

केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स की बजाए घरेलू नुस्खे अपनाएं। डार्क सर्कल्स के लिए सोने से पहले बादाम या जैतून तेल लगाएं। एलोवेरा जेल से मसाज करें। बेसन में दही मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन भी ग्लो करेगी और कोई नुकसान भी नहीं होगा।

2–3 बार करें फेसवॉश

एक्स्ट्रा ऑयल हटाने के लिए दिन में 2–3 बार जेंटल फेसवॉश से चेहरा धोएं। साथ ही 2 बार क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग भी करें।

खान–पान का रखें ध्यान

डिलीवरी के बाद सिर्फ भारी, मसालेदार और बाहरी भोजन से परहेज करें। यह सिर्फ स्किन ही नहीं बल्कि शिशु के लिए भी हानिकारक है। इसकी बजाए फल, हरी सब्जियां, दही, सलाद आदि लें। साथ ही सोंठ के लड्डू भी खाएं।

# दाद, खाज और खुजली को जड़ से खत्म करेगी ये 3 चीजें

बदलते मौसम में दाद, खाज और खुजली की समस्या काफी देखने को मिलती है, जिसे मेडिकल भाषा में टिनीया भी कहते हैं। यह त्वचा की ऊपरी परत पर होती है, एक व्यक्ति से दूसरे में भी आसानी से फैल सकती है। बहुत से लोग इससे छुटकारा पाने के लिए दवाएं, क्रीम या मेडिकल उपचार करते हैं। हालांकि इसके लिए आप घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं।

क्या होती है दाद, खाज– खुजली?

दाद, खाज– खुजली एक तरह का फंगल इंफेक्शन है लेकिन यह फंगल इंफेक्शन से काफ अलग है। इसमें त्वचा पर गोल लाल चकत्तों पर छोटे–छोटे दाने हो जाते हैं। इसके कारण प्रभावित एरिया पर खुजली व असहनीय जलन भी है। . दाद फंगल इंफेक्शन की वजह से होता है। यह संक्रमित मरीज के कंघी, ब्रश, कपड़े, तौलिया, बिस्तर आदि का इस्तेमाल करने से भी हो सकता है।

दाद (रिंगवार्म) के लक्षण

. प्रभावित एरिया पर खुजली व जलन

. लाल चकत्ते बन जाता

. चकत्ते बाहरी तरफ से किनारों पर लाल होते है

. चकत्ते ऊपर की ओर उभरा हुए होना

. चकत्ते के साथ छोटे–छोटे दाने

दाद, खाज– खुजली के लिए घरेलू उपचार

1. सबसे पहले करेले को अच्छी तरह धो लें, ताकि धूल–मिट्टी निकाल दें।

2. अब करेले को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें। इसके लिए करेले को घिस लें या इसके छिलके को ग्राइंड करके रस निकाल लें।

3. एक बाउल में करेले का जूस, 1 चम्मच एलोवेरा जेल व 1 चम्मच गुलाबजल मिला लें।

कैसे करें इस्तेमाल?

सबसे पहले प्रभावित एरिया को पानी से साफ कर लें। आप चाहे तो नहा भी सकते हैं। इसके बाद करेले



का रस लगाएं और कुछ देर के लिए छोड़ दें। फिर पानी से साफ कर लें। ऐसा दिन में कम से कम 2 बार करने से आपको फर्क देखने को मिलेगा।

नारियल न सिर्फ खुजली से राहत दिलाता है बल्कि यह त्वचा को मुलायम व नर्म भी बना देता है।

पूर्वांचल युग

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक, संजय कुमार गुप्ता द्वारा ग्राम व पोस्ट श्यामदेउरवा थाना महाराजगंज साईं प्लैक्स पटेल तिराहा बैकुण्डपुर महाराजगंज से प्रकाशित

संपादक
संजय कुमार गुप्ता
मो0 नं0 8418938089

नोट : समाचार पत्र से सम्बन्धित सारे वाद विवाद महाराजगंज न्यायालय के अन्तर्गत मान्य होंगें।

Email: purvanchalyug@gmail.com
website-www.purvanchalyug.com